दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 3 | आंचलिक | 4 | अभिव्यक्ति | 6 | छत्तीसगढ़ | 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2017/72749 | भोपाल, रविवार 31 दिसंबर 2023 | वर्ष-7 अंक-210, पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए | भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित | www.navpradesh.com

आज बेबाक

ये अच्छा हुआ। भागते भूत की लंगोटी तो हाथ लगी। जदयू में चल रही खींचतान के चलते नीतीश कुमार ने अपने हाथ में कमान ले ली। बेचारे चले थे आईएनडीआईए का संयोजक और विपक्ष की ओर से पीएम का चेहरा बनने लेकिन उनका तीर निशाने पर नही बैठा। इसलिए अपनी प्राईवेट लिमिटेड पार्टी जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। अब देखना दिलचस्प होगा की वे कौन सा तीर मारते? उनके तीर के निशाने पर कौन आता है? पलटू राम के नाम से विख्यात नीतीश कुमार यदि लोकसभा चुनाव के पूर्व फिर पलटी मार दे तो ताज्जुब नही होगा।

एमपी में मंत्रियों को विभागों का बंटवारा: सीएम ने गृह अपने पास रखा

विजयवर्गीय को नगरीय प्रशासन; प्रहलाद को पंचायत एवं ग्रामीण विकास

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव मंत्रिमंडल विस्तार के 5 दिन बाद मंत्रियों को विभागों का बंटवारा हो गया है। कैलाश विजयवर्गीय को नगरीय प्रशासन और प्रहलाद पटेल को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मिला है। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा को वित्त, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला को लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गृह, जनसंपर्क और **शेष पृष्ठ 7 पर**

कैबिनेट मंत्रियों को मिले यह विभाग

- कुंवर विजय शाह - जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी- राहत एवं पुनर्वास
- कैलाश विजयवर्गीय - नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य
- प्रहलाद सिंह पटेल - पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम
- राकेश सिंह - लोक निर्माण विभाग
- करण सिंह वर्मा - राजस्व
- उदय प्रताप सिंह - परिवहन और स्कूल शिक्षा
- संपतिया उइके - लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
- तुलसी सिलावट - जल संसाधन
- एदल सिंह कंषाना - किसान कल्याण एवं कृषि विकास
- निर्मला भूरिया - महिला एवं बाल विकास
- गोविंद सिंह राजपूत - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण
- विश्वास सारंग - खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता
- नारायण सिंह कुशवाह - सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन कल्याण, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण
- नागर सिंह चौहान - वन, पर्यावरण, अनुसूचित जाति कल्याण
- प्रद्युम्न सिंह तोमर - ऊर्जा
- राकेश शुक्ला - नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा
- चेतन काश्यप - सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
- इंदर सिंह परमार - उच्च शिक्षा, आयुष, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास

22 जनवरी को घरों में दीपावली मनाएं पूरा हिंदुस्तान जगमग होना चाहिए : मोदी

अयोध्या (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 30 दिसंबर को अयोध्या पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हमारे जीवन में आया है। मैं भारत के 140 करोड़ देशवासियों से हाथ जोड़कर प्रार्थना कर रहा हूं... जब 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम विराजमान हों, तब राम ज्योति जलाएं। दीपावली मनाएं। उन्होंने आगे कहा कि 22 जनवरी को सभी का अयोध्या आना संभव नहीं है। यहां का पूरा कार्यक्रम हो जाने के बाद एक बार परिवार के साथ अयोध्या जरूर आएं। प्रभु राम को तकलीफ हो, ऐसा हम भक्त कभी नहीं सह पाएंगे। हमने 550 साल इंतजार किया है, कुछ दिन और करें। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी, दलित धनीराम मांझी के घर पहुंचे। यहां उन्होंने चाय पी। बच्चों ने पीएम के साथ सेल्फी भी ली। मोदी ने अयोध्या में 8 किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया। इसके अलावा उन्होंने रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। रेलवे स्टेशन का नाम अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या धाम रखा गया है। पीएम ने अयोध्या और अन्य स्टेशनों से चलने वाली 2 अमृत भारत और 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। 15 हजार 700 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास भी किया।

भारत नए और पुराने दोनों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा

श्रीराम का भव्य मंदिर बनने के बाद यहां आने वाले लोगों की संख्या में बहुत बड़ी वृद्धि होगी। इसे ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार अयोध्या में हजारों करोड़ रुपए के विकास का काम करा रही है, अयोध्या को स्मार्ट बना रही है। दुनिया में कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी विरासत को संभालना ही होगा। हमारी विरासत हमें प्रेरणा देती है, हमें सही मार्ग दिखाती है। इसलिए आज का भारत पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है।

आज लगा अयोध्या सड़क पर उतर आई

एक समय था, जब यहीं अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे। आज पक्का घर सिर्फ रामलला को ही नहीं बल्कि देश के चार करोड़ गरीबों को भी मिला है। आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। भारत की मिट्टी के कण-कण और जन-जन का मैं पुजारी हूं। मैं भी उतना ही उत्सुक हूं। ये उत्साह उमंग आज अयोध्या की सड़कों पर नजर आ रहा था। ऐसा लग रहा था कि पूरी अयोध्या नगरी सड़क पर उतर आई।

1943 में बोस ने अंडमान में आजादी का जयघोष किया था

देश के इतिहास में 30 दिसंबर की तारीख बहुत ऐतिहासिक रही है। आज के दिन ही 1943 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अंडमान में झंडा फहराकर भारत की आजादी का जयघोष किया था। आज विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है। आज यहां 15,700 करोड़ की 46 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ है।

डंपर ने ऑटो को टक्कर मारी, 4 की मौत

सीधी में बड़ा सड़क हादसा; दो की हालत गंभीर

सीधी/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के सीधी में बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डंपर (हाईवा) ने ऑटो को टक्कर मार दी। जिससे 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सीधी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के शिवपुरवा गांव में दोपहर करीब 3 बजे की है। बताया जा रहा है कि ऑटो सीधी से शिवपुरवा की तरफ जा रहा था। तभी सामने से आ रहे डंपर से ऑटो की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी अभिषेक उपाध्याय मौके पर पहुंच गए। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। सीधी कलेक्टर साकेत मालवीय, एसपी डॉ. रवींद्र वर्मा भी मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि डंपर की तेज गति होने

राजस्थान में 22 मंत्री बने, इनमें 17 पहली बार

जयपुर । राजस्थान में भजनलाल सरकार मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने 22 मंत्रियों को शपथ दिलाई। इनमें 12 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार), 5 राज्य मंत्री हैं। भाजपा ने श्रीकरणपुर सीट से प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मंत्री बनाया है। यह राजस्थान में पहला मामला है, जब चलते चुनाव के बीच प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया हो। श्रीकरणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव कैंसिल हो गए थे, वहां 5 जनवरी को वोटिंग है। नियमानुसार कोई भी वयस्क भारतीय नागरिक बिना विधायक बने छह महीने तक मंत्री बना रह सकता है। सांसद पद छोड़कर विधायक बने किरोड़ीलाल मीणा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ कैबिनेट मंत्री बनाए **शेष पृष्ठ 7 पर**

इन्होंने ली मंत्री पद की शपथ

भजन लाल कैबिनेट में किरोड़ी लाल मीणा, गजेंद्र सिंह खींवसर , राज्यवर्धन राठौड़, बाबू लाल खराड़ी, मदन दिलावर, जोगाराम पटेल, सुरेश रावत, अविनाश गहलोत, जोगाराम कुमावत, हेमंत मीणा, कन्हैया लाल चौधरी और सुमित गोदारा को कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई। इसके अलावा भजनलाल कैबिनेट में संजय शर्मा, गौतम कुमार दक, झाबर सिंह खर्रा, सुरेंद्र पाल सिंह टीटी और हीरा लाल नागर को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जबकि ओटाराम देवासी, डॉ. मंजू बाघमार, विजय सिंह चौधरी, केके विश्नोई और जवाहर सिंह बेडम को राज्यमंत्री की शपथ दिलाई। इस तरह कुल 22 मंत्री बनाए गए हैं।

रेल किराया बढ़ा, प्लेटफॉर्म टिकट महंगा हुआ : राहुल

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की मोदी सरकार पर लगातार हमलावर है। राहुल गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स में ट्वीट करके रेलवे किराए और रसोई गैस की कीमत को लेकर कटाक्ष किया है। राहुल ने कहा कि भारतीय रेल ने हर वर्ग का किराया बढ़ा दिया है। किराए में बुजुर्गों को मिलने वाली छूट को भी खत्म कर दिया है। प्लेटफार्म टिकट के भी दाम बढ़ा दिए गए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि जनता की मेहनत की कमाई से निचोड़ा जा रहा यह पैसा क्या 'सेल्फी स्टैंड' बनाने के लिए था? भारत की जनता को क्या चाहिए? सस्ता गैस सिलेंडर और सुलभ रेल यात्रा? या फिर शहंशाह के बुत के साथ तस्वीर? राहुल ने रेलवे स्टेशन की एक तस्वीर पोस्ट की है। इसमें काफी संख्या में यात्री जमीन पर लेटे हुए हैं और उनके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ उज्ज्वला योजना का विज्ञापन लगा हुआ है। राहुल गांधी ने ये तस्वीर 30 दिसंबर को ट्वीट की है। हालांकि, उन्होंने ये नहीं बताया कि ये फोटो किस रेलवे स्टेशन की है। कांग्रेस के स्थापना दिवस समारोह में राहुल गांधी ने कहा था - इंडिया गठबंधन और एनडीए में विचारधारा की लड़ाई है। कुछ दिन पर भाजपा के एक सांसद मुझे लोकसभा में मिले। उन्होंने मुझसे कहा- बीजेपी में गुलामी चलती है... जो ऊपर कहा जाता है, वो बिना सोचे समझे करना पड़ता है। बीजेपी में रहकर सहा नहीं जाता। मैं हूं बीजेपी में, मगर दिल मेरा कांग्रेस में है। मैंने कहा- भाई दिल तेरा कांग्रेस में शरीर बीजेपी में। मतलब, दिल शरीर को कांग्रेस में लाने से डर रहा है, यही हो सकता है। मैंने कहा **शेष पृष्ठ 7 पर**

भगवान राम को अपना उम्मीदवार बना देगी भाजपा : संजय राउत

मुंबई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या दौरे पर रहे। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले उनका ये पहला दौरा है। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में एयरपोर्ट और स्टेशन समेत 15 हजार करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को लेकर शिवसेना उद्धव गुट के सांसद और प्रवक्ता संजय राउत ने शनिवार को कहा- भाजपा राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का राजनीतिकरण कर रही है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ऐसा न हो कि भाजपा अगले चुनाव के लिए भगवान राम को अपना उम्मीदवार घोषित कर दे। राउत ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने के सवाल पर कहा- मुझे कोई निमंत्रण नहीं मिला है। मुझे वहां जाने के लिए किसी निमंत्रण की जरूरत नहीं है। राम लला किसी पार्टी की संपत्ति नहीं, वह सबके हैं। मैं इतना चाहता हूं कि कार्यक्रम का राजनीतिकरण न हो। मंदिर निर्माण का फैसला सुप्रीम कोर्ट का है, किसी सरकार का नहीं। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में जरूर जाएंगे, लेकिन भाजपा का कार्यक्रम खत्म होने के बाद। किसी **शेष पृष्ठ 7 पर**

साक्षी मलिक और बजरंग के बाद अब विनेश फोगाट ने लौटाया खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड

नई दिल्ली (एजेंसी)। कुश्ती की दुनिया में जारी 'दंगल' थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेसलर साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया के बाद शनिवार को महिला पहलवान विनेश फोगाट ने भी अपना सम्मान वापस कर दिया है। जब वह सम्मान वापस करने पीएमओ जा रही थीं, इसी दौरान पुलिस ने विनेश को कर्तव्यपथ पर रोक लिया। लिहाजा विनेश ने अपना अर्जुन अवॉर्ड पुरस्कार कर्तव्यपथ बैरिकेड्स पर छोड़ दिया। इससे पहले विश्व चैंपियनशिप में देश के लिए पदक जीतने वाली विनेश फोगाट ने 5 दिन पहले मंगलवार को अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) को वापस लौटाने का ऐलान करते हुए यह भी कहा कि पहलवान जब न्याय पाने के लिए बुरी तरह से संघर्ष कर रहे हैं ऐसे में इस तरह के सम्मान हमारे लिए निरर्थक बन गए हैं। विनेश ने पीएम मोदी को लिखे पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनकी जिंदगी सरकार के उन फैंसी विज्ञापनों की तरह नहीं है जिनमें महिला सशक्तिकरण और उनके उत्थान की बात की जाती है। उन्होंने आगे कहा, मुझे ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया था लेकिन अब इनका मेरी जिंदगी में कोई मतलब नहीं रह गया है। हर महिला सम्मान के साथ समाज में जीना चाहती है। इसलिए प्रधानमंत्री सर, मैं अपना मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार वापस करना चाहती हूं ताकि सम्मान से जीने की राह में ये हमारे लिए बोझ की तरह न रहें। पहलवान विनेश फोगाट को 3 साल पहले 2020 में भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न से सम्मानित किया गया था। इससे पहले उन्हें 2016 में अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। विनेश से पहले ओलंपिक में पदक जीतने वाले बजरंग पूनिया **शेष पृष्ठ 7 पर**

गरमा-गरम

राजस्थान में मंत्रिमंडल का गठन

इंटरव्यू... छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम के उपकप्तान और आईपीएल स्टार शशांक सिंह से नवप्रदेश की खास बातचीत

युवा खिलाड़ी सपने बड़े रखें, लगनशील रहें तो कामयाबी जरूर मिलेगी

नितेश छाबड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शशांक सिंह दाएं हाथ के मध्यम क्रम में छठे नंबर पर फिनिशर बल्लेबाज हैं। वे दाएं हाथ से ही मध्यम तेज गति की गेंदबाजी भी करते हैं। शशांक का जन्म भिलाई शहर में हुआ था। उनके पिता की नौकरी के चलते अविभाजित मध्यप्रदेश में अलग अलग जगह उनका ट्रांसफर होता रहा। पेशेवर क्रिकेट की शुरुआत उन्होंने मुम्बई से की। 2019 से वे छत्तीसगढ़ की टीम से जुड़े। आईपीएल में वे दिल्ली, राजस्थान और हैदराबाद की टीम का हिस्सा रह चुके हैं। दिसंबर के महीना उनके लिए बहुत सी खुशियां लेकर आया है। पहले तो वे पंजाब की टीम में 20 लाख रुपए में लिए गए और उसके बाद इस साक्षात्कार को संपादित करते हुए यह खबर मिली कि उन्हें छत्तीसगढ़ की टीम में रणजी ट्रॉफी के लिए उपकप्तान नियुक्त किया गया है। नवप्रदेश के विशेष खेल संवाददाता नितेश छाबड़ा की उनसे टेलीफोन के जरिए बातचीत के प्रमुख अंश.....

सवाल : आपकी क्रिकेट की शुरुआत किस तरह से हुई आपको कब लगा कि इसे कैरियर के तौर पर चुनना है ?

जवाब : जब मैं लगभग 13 वर्ष का था, तब पिताजी की पोस्टिंग जबलपुर में थी। उस दौरान वहां अंडर-15 एवं अंडर-17 टीम में खेलने की शुरुआत हुई। उसके बाद मेरा मुम्बई जाना हुआ, तो खेल के प्रति मेरी रुचि देखकर पापा मुझे कोच विद्या पराड़कर के

पास ले गए। मुझे उनका काफी सहयोग मिला। मुम्बई का क्रिकेट का कल्चर और कॉम्पिटिशन देखकर यह लगा कि मुझे अब क्रिकेट ही खेलना है और अच्छे से खेलना है। तब मैंने यह तय किया कि इसी में अपना कैरियर आगे बढ़ाना है। मेरा जन्मस्थान भिलाई है। मेरे जन्म के समय पापा की पोस्टिंग यहीं थी।

सवाल : फर्स्ट क्लास कैरियर की शुरुआत पहले मुंबई से हुई। फिर पुडुचेरी और छत्तीसगढ़, इस सफर के पीछे की क्या कहानी है ?

जवाब : मुंबई से मैंने अंडर - 19 से अंडर-25 तक क्रिकेट खेला। फिर वहीं से मैंने लिस्ट-ए टी20 में भी डेब्यू किया। मेरा सफेद गेंद क्रिकेट मुम्बई में अच्छा चल रहा था और टीम में कॉम्पिटिशन भी जबरदस्त था। मेरी ही प्रोफाइल के अभिषेक नायर, शिवम दुबे, शुभम रंजने भी थे। हम चार आलराउंडरों के बीच टफकॉम्पिटिशन था। इस वजह से हमेशा मौका मिलना असंभव था। फिर भी मुझे वहां से टी20 में सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने का मौका मिलता रहा, पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट रेड गेंद में मौका नही बन पा रहा था। उसके बाद अभिषेक नायर पुडुचेरी में जब शिफ्ट हुए, तब उन्होंने मुझे भी वहां के लिए प्रेरित किया। मैं भी पुडुचेरी में के लिए तैयार हो गया। वहां मुझे 1 वर्ष का कूलिंग पीरियड बिताना था। इसी बीच मेरी बातचीत छत्तीसगढ़ में खेलने के लिए आगे बढ़ी। अभय कुरुविला जी, राजेश दवे जी, विजय शाह जी और **शेष पृष्ठ 7 पर**

मैं भी ऐसे ही सीएम बना था, नए चेहरे लाकर चौंकाने पर बोले मोदी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों की पसंद भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच इस बात पर आम सहमति है कि देश को 'मिली-जुली सरकार' की जरूरत नहीं है, क्योंकि ऐसी सरकारों के दौर में उम्मीदों को झटका लगा और दुनिया में भारत की छवि खराब हुई। भाजपा की ओर से तीन प्रमुख राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के रूप में नए चेहरे सामने लाने पर भी उन्होंने बयान दिया। इंडिया टुडे को दिए इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा, 'यह एक ताजा प्रवृत्ति की तरह लग सकता है, लेकिन यह पार्टी के लिए नया नहीं है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि वास्तव में वह भाजपा के भीतर इस परंपरा का सबसे अच्छा उदाहरण हैं। मोदी ने कहा कि जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री बने तो उनके पास कोई

पूर्व प्रशासनिक अनुभव नहीं था और वह विधानसभा के लिए भी निर्वाचित नहीं हुए थे। मालूम हो कि नरेंद्र मोदी साल 2001 में केशुभाई पटेल के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री बने। सीएम बनाए जाने के 4 महीने बाद वह राज्य विधानमंडल के लिए चुने गए। पीएम मोदी ने कहा कि आज अधिकांश दूसरी पार्टियां परिवारवादी पार्टियां हैं और उन्हें यह लोकतांत्रिक मंथन कठिन लगता है।

मिली-जुली सरकार की जरूरत नहीं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा 16 राज्यों में सत्ता में है और 8 में प्रमुख विपक्षी दल है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा 6 पूर्वोत्तर राज्यों में सरकार में है, जिनमें मुख्य रूप से ईसाई-बहुल नगालैंड और मेघालय शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जहां तक दक्षिण भारत का सवाल है, लोकसभा सीटों के मामले में हम सबसे बड़ी पार्टी हैं।' अगले आम चुनावों के बारे में विश्वास जताते हुए मोदी ने कहा कि लोगों, विशेषज्ञों, जनमत तैयार करने वालों और मीडिया के दोस्तों के बीच भी इस बात पर आम सहमति है कि हमारे देश को मिली-जुली सरकार की जरूरत नहीं है।

भाजपा कैडर-आधारित पार्टी : मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा कैडर-आधारित पार्टी है, जो एक स्पष्ट मिशन से प्रेरित है। इसमें एक ही समय में नेतृत्व की कई पीढ़ियों को साथ लेकर चलने की क्षमता है। यह पूछे जाने पर कि भाजपा किसी भी बड़े दक्षिणी और पूर्वी राज्य में शासन नहीं कर रही है, प्रधानमंत्री ने देश में पार्टी के बढ़ते जनाधार की ओर इशारा किया और कहा, 'देश का कोई कोना नहीं है जहां हमारी पार्टी को समर्थन नहीं है। केरल में स्थानीय निकायों से लेकर कई राज्यों में प्रमुख विपक्षी दल होने तक हमारी पार्टी लोगों के बीच मजबूत काम कर रही है।'

■ न्यूज गैलरी

तमिलनाडु में सड़क हादसे में 5 की मौत, 19 घायल

पुदुकोट्टई(वार्ता)। तमिलनाडु में सड़क हादसे में एक महिला सहित पांच श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चा सहित 19 अन्य घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। तेज रफ्तार सीमेंट से लदे ट्रक ने शनिवार तड़के यहां तिरुचिरापल्ली-रामेश्वरम राजमार्ग पर नमनसमुद्रम गांव में सड़क किनारे एक चाय की दुकान में टक्कर मार दी। इसके अलावा उसने वहां खड़े दो वैन, एक कार और दोपहिया वाहनों को भी टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान जगन्नाथन (60), एस.शांति (49), जे.सुरेश (39), आर.गोकुलकृष्णन और एस.सतीश (25) के रूप में हुई है। सीमेंट की बोरियों को लेकर अरियालुर से शिवगंगा जा रहे ट्रक के चालक मणिकंदन (39) ने बहुत तेज गति होने के कारण वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन चाय की दुकान में घुस गया और फिर दुकान के पास दो वैन, एक कार और दोपहिया वाहनों को भी अपने चपेट में ले लिया। पीड़ित चाय की दुकान पर चाय पी रहे थे, जबकि जो लोग घायल हुए हुए वे वैन और कार में बैठे थे। हादसे के समय श्रद्धालु सबरीमाला और रामेश्वरम की तीर्थयात्रा पर जा रहे थे। घायलों को पुडुकोट्टई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चार लोगों की हालत गंभीर बताई गई है।

उत्तराखंड के 3 जनपदों में आज हिमपात के आसार

देहरादून(वार्ता)। उत्तराखंड में शनिवार को भी ठंडी हवाओं का दौर जारी है। अधिकांश स्थानों पर हल्की धूप खिली हुई है, लेकिन मैदानी क्षेत्रों के कुछ स्थानों में घना कोहरा है। इसके अलावा, राज्य के तीन जनपदों में हिमपात के आसार हैं। मौसम विभाग द्वारा आज जारी अनुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली तथा पिथौरागढ़ जनपदों के 3500 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी होने की संभावना है। मैदानी क्षेत्र जनपद उधमसिंह नगर में घना कोहरा है। इसी तरह, हरिद्वार से नजीबाबाद, रुड़की और देहरादून में सहारनपुर, दिल्ली मार्ग पर कोहरा अथवा धुंध छाई हुई है। अन्य स्थानों पर हल्की धूप है। मसूरी, चमोली, अल्मोड़ा, नैनीताल में सर्द हवाएं चल रही हैं। सप्ताहांत और नव वर्ष मनाने के लिए पर्यटकों की बड़ी संख्या में आमद के कारण सड़कों पर यातायात का दबाब है। जबकि अधिकांश होटल पूरी तरह भरे हुए हैं।

चीन ने उपग्रह इंटरनेट प्रौद्योगिकियों के लिए परीक्षण उपग्रह लॉन्च किया

बीजिंग(वार्ता)। चीन ने सैटेलाइट इंटरनेट प्रौद्योगिकियों के लिए एक प्रायोगिक सैटेलाइट का शनिर को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार सैटेलाइट का प्रक्षेपण 'जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर' से 'लॉन्ग मार्च-2सी' रॉकेट द्वारा किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि सैटेलाइट अपनी पूर्व निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया है। उपग्रह को लॉन्ग मार्च-2सी वाहक रॉकेट द्वारा आज सुबह स्थानीय समयानुसार आठ बजकर 13 मिनट पर लॉन्च किया गया और सफलतापूर्वक अपनी पूर्व निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। यह लॉन्ग मार्च कैरियर रॉकेट श्रृंखला का 505वां उड़ान मिशन था।

पर्यटकों को लेकर जा रही बस पलटी, 2 की मौत, 55 घायल

कोल्हापुर(वार्ता)। महाराष्ट्र के तम्हिनी घाट पर शनिवार को एक निजी पर्यटक बस के पलट जाने से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गयी और अन्य 55 यात्री घायल हो गये। मानगांव पुलिस के अनुसार पुणे से कोकण जा रही एक निजी पर्यटक बस तम्हिनी घाट में एक तीव्र मोड़ पर पलट गई। घायलो को मानगांव उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक महिलाओं की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। घटना की जांच की जा रही है।

कोरोना वायरस ने फिर बजाई खतरे की घंटी!

एक दिन में 743 नए केस और 7 मरीजों की मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस का संक्रमण एक बार फिर से बढ़ने लगा है। बीते 24 घंटे में कोविड के 743 नए केस मिले जिससे इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बढ़कर 3,997 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, शुक्रवार को कोरोना के चलते 7 लोगों की मौत हुई जिनमें केरल से 3, कर्नाटक से 2 और तमिलनाडु व छत्तीसगढ़ से 1 डेथ रिपोर्ट हुई। मालूम हो कि कोविड-19 के नए वैरिएंट छ्ह.1 के दस्तक देने के बाद से इंफेक्शन फिर से बढ़ने लगा है। अलग-अलग राज्यों में इसे लेकर सतर्कता से जुड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

ठंड और कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के कारण हाल के दिनों में संक्रमण के मामलों में तेजी आई है। इससे पहले 5 दिसंबर

तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दहाई अंक तक पहुंच गई थी। 2020 की शुरुआत से अब तक लगभग 4 वर्षों में देश भर में कोरोना से लगभग साढ़े 4 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए। इससे 5.3 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4.4 करोड़ हो गई है। स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है। देश में कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में देश में 145 संक्रमितों के जेएन.1 से संक्रमित होने की पुष्टि हुई, जबकि नवंबर में ऐसे 17 मामले सामने आए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जेएन.1 को इसके तेजी से प्रसार को देखते हुए 'विशेष निगरानी' की श्रेणी में रखा। हालांकि, यह भी कहा कि यह वैश्विक लोक स्वास्थ्य को कम जोखिम पैदा करता है। केंद्र सरकार ने देश में कोविड के मामलों की संख्या में वृद्धि और जेएन.1 की उपस्थिति की पुष्टि होने के बीच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से निरंतर सतर्क रहने को कहा है।

देश में जेएन.1 के 162 मामले

देश में जेएन.1 के अब तक कुल 162 मामले आए हैं। इनमें भी केरल में सबसे अधिक 83 लोग इससे संक्रमित हैं, जबकि 34 मामलों के साथ गुजरात दूसरे स्थान पर है। इंडियन सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनसएसीओजी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, कई राज्यों ने पिछले कुछ हफ्तों में कोविड के मामलों में वृद्धि की जानकारी दी है। 9 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों ने अब तक वायरस के नए वैरिएंट जेएन.1 से संक्रमण की पुष्टि की है। जेएन.1 से संक्रमण के केरल में 83, गुजरात में 34, गोवा में 18, कर्नाटक में 8, महाराष्ट्र में 7, राजस्थान में 5, तमिलनाडु में 4, तेलंगाना में 2 और दिल्ली में एक मामले की पुष्टि हो चुकी है।

मोदी खत्म करवा सकते हैं गाजा में जंग : इमाम बुखारी

नई दिल्ली। दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गाजा में जारी जंग खत्म करने के लिए इजराइल

पर कूटनीतिक दबाव डालने की गुजारिश करते हुए शुक्रवार को कहा कि मुस्लिम जगत इजराइल-फलस्तीन संघर्ष में अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभा पाया है। युद्ध से 21,300 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है और मानवीय संकट खड़ा हो गया है। बुखारी ने एक बयान में कहा कि फलस्तीन का मसला एक ऐसे स्तर पर पहुंच गया है जहां द्विराष्ट्र सिद्धांत के आधार पर संयुक्त राष्ट्र, अरब लीग और खाड़ी सहयोग परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के आलोक में इसका तत्काल और स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। 'मुस्लिम जगत इस संबंध में अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा नहीं कर पाया है और उसे जो करना चाहिए, वह नहीं कर रहा है तथा यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।' बुखारी ने कहा, ;मुझे उम्मीद है कि मेरे देश के प्रधानमंत्री इजराइल के प्रधानमंत्री के साथ अपने व्यक्तिगत रिश्तों के जरिये जंग खत्म करने और मसलों को हल करने के लिए कूटनीतिक दबाव डालेंगे।' भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें इज़राइल-हमास संघर्ष में तत्काल मानवीय युद्धविराम के साथ-साथ सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई की मांग की गई थी। बता दें कि सात अक्टूबर को इजरायल में हमास के अचानक हमले के बाद से ही इजरायल ने भी गाजा में तबाही मचा रखी है। इजरायल का कहना है कि जब तक हमास का खात्मा नहीं हो जाता वह युद्ध विराम नहीं करेगा।

आतंकी हाफिज की हिफाजत में जुटा पाकिस्तान

द्व भारत को सौंपने से सीधा इनकार

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान से मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड आतंकी हाफिज सईद को प्रत्यर्पित करने को कहा है। भारत हाफिज सईद पर कई मुकदमे चलाना चाता है।

हालांकि पाकिस्तान के बयान से पता चलता है कि वह आतंकियों की सुरक्षा की हर संभव कोशिश करने में लगा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता का बयान सामने आया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा, यह बात जाननी जरूरी है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी प्रत्यर्पण संधि मौजूद नहीं है। मुमताज ने कहा, पाकिस्तान को भारत की तरफसे एक अनुरोध मिला है जिसमें का गया है कि तथाकथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाफिज सईद को सौंप दिया जाए। यह ध्यान रखा जरूरी है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी प्रत्यर्पण संधि नहीं हुई है। बता दें कि भारत में एनआईए ने हाफिज सईद पर कई केस दर्ज किए हैं। यूएन ने भी सईद को आतंकी घोषित कर दिया है। सऊद पर आतंकी फंडिंग का भी केस चल रहा है। लेकिन पाकिस्तान हाफिज सईद के साथ खड़ा है। भारत ने सईद के बेटे तल्हा सईद के पाकिस्तान में चुनाव लड़ने की खबरों पर भी गौर किया और कहा कि उस देश में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठनों को मुख्यधारा में आना कोई नई बात नहीं है और यह लंबे समय से उसकी राज्य नीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि आतंकवादी के प्रत्यर्पण के लिए कुछ दस्तावेजों के साथ पिछले दिनों इस्लामाबाद को अनुरोध भेजा गया। बागची ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि हाल में प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भेजा गया था। उन्होंने कहा, ''जिसका जिक्र हो रहा है, वह भारत में कई मामलों में वांछित है।

इंडोनेशिया में 6.3 तीव्रता का भूकंप

जकार्ता(वार्ता)। इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत आचे में शनिवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गयी। इससे हालांकि बड़ी लहरें नहीं उठीं और ना ही सुनामी की कोई चेतावनी जारी की गयी। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भू-भौतिकी एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार आज तड़के 05:19 बजे आए भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। भूकंप का केन्द्र, आचे जया रीजेंसी की राजधानी कैलांग शहर से 372 किमी दूर और जमीन की सतह से 12 किमी की गहराई में स्थित है। अभी तक इस भूकंप के कारण किसी प्रकार के जान-माल के नुकसन की खबर नहीं है।

मुस्लिम महिलाओं को जोड़ने के लिए बीजेपी का स्पेशल प्लान, नए साल पर शुरू करेगी 'शुक्रिया मोदी भाईजान' अभियान

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले आगामी लोकसभा चुनाव में मुस्लिम महिलाओं को अपने पाले में लाने के लिए भारतीय जनता पार्टी अपना नया अभियान शुरू करेगी। भाजपा का अल्पसंख्यक मोर्चा दो जनवरी से उत्तर प्रदेश के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 'शुक्रिया मोदी भाईजान' नाम से एक विशेष अभियान शुरू करेगा। इस अभियान के तहत मोर्चा हर लोकसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमें कम से कम 1,000 मुस्लिम महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मुस्लिम महिला मतदाताओं को रिझाने की इस योजना की टैगलाइन 'ना दूरी है ना खाई है, मोदी हमारा भाई है' रखी गई है। उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 'शुक्रिया मोदी भाईजान' कार्यक्रम में मुस्लिम महिलाओं को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उनके लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही उन्हें यह बताया जाएगा कि उन्हें आखिर भाजपा को वोट क्यों देना चाहिए।

मोदी सरकार के कामों के बारे में बताया जाएगा

अध्यक्ष ने बताया कि इन सम्मेलनों के जरिए कोशिश की जाएगी कि मुस्लिम महिलाओं को उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, हज का कोटा बढ़ाया जाना, महिलाओं को महरम व्यक्ति के साथ ही हज पर जाने की अनिवार्यता खत्म किया जाना, मुस्लिम बच्चों को छात्रवृत्ति समेत समुदाय को लाभ पहुंचाने वाली तमाम योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।

सावधान! साल के आखिरी और 2024 के पहले दिन बिगड़ने वाला है मौसम

नई दिल्ली। उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सर्दी से लोगों की कंपकंपी छूट रही है और शहर घने कोहरे में डूबे हुए हैं। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव के आसपास नजर आ रहे हैं। तापमान हड्डियां कंपा देने वाले स्तर तक गिर चुका है। यूपी के प्रयागराज, राजस्थान के जयपुर और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जैसे उत्तरी भाग के शहरों में शनिवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। अलग-अलग हिस्सों में लोगों को शीतलहर का भी सामना करना

पड़ा। प्रयागराज में आज सुबह न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। लोग मोटे शॉल और कोट में लिपटे हुए हैं। कोहरे और ठंड से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को मध्यम से घना कोहरा रहा। कई इलाकों में दृश्यता में सुधार आया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में दृश्यता 200 मीटर रही जबकि रिज क्षेत्र में यह 500 मीटर दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तरी राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश में कोहरे से कुछ हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे मार्गों पर दृश्यता प्रभावित हो सकती है। कोहरे के कारण लगातार चौथे दिन ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई। दिल्ली आने वाली 30 रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से 5 डिग्री अधिक है। शनिवार को सुबह में बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान 12-14 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान और यूपी के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कुछ सुधार हुआ है।

सीहोर में आरएसएस कार्यालय पर पथराव, बिजली बंद कर आधी रात को किया हमला

भोपाल। मध्य प्रदेश के सीहोर शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय पर शुक्रवार की मध्यरात्रि को पथराव किया गया। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी विकास खिची ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और कानूनी कदम उठाए जाएंगे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार आधी रात के आसपास आरएसएस कार्यालय पर पथराव

की सूचना मिली। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा ने कहा कि कुछ लोगों ने आरएसएस कार्यालय की बिजली बंद कर दी और फिर पथराव किया। उन्होंने बताया कि उस समय कार्यालय में कुछ आरएसएस कार्यकर्ता मौजूद थे। कुशवाहा ने कहा कि पुलिस को सूचना दी गयी और पुलिस अधीक्षक (एसपी) मयंक अवस्थी और अन्य पुलिस अधिकारी आरएसएस कार्यालय पहुंचे। कुशवाह ने कहा कि जिन लोगों ने पथराव किया, वे शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

महिला टीचर ने छात्र के साथ किया खुलेआम रोमांस, बीईओ ने कर दिया सस्पेंड



बेंगलुरु। कर्नाटक की एक शिक्षक खुलेआम 10वीं के छात्र के साथ रोमांस करने लगीं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। आपको बता दें कि दोनों का यह फोटोशूट चिक्काबल्लापुर में हुआ था। पुष्पलता आर मुरुगमल्ला ग्राम सरकारी हाई स्कूल में पढ़ाती हैं। तस्वीरों में उन्हें छात्र को गले लगाते और उसे चूमते हुए देखा जा सकता है। एक तस्वीर में छात्रा ने उसे गोद में भी उठा रखा है। कर्नाटक के मुरुगमल्ला चिक्कबल्लापुर जिले में 10वीं कक्षा के एक छात्र के साथ एक सरकारी स्कूल शिक्षक के रोमांटिक फोटोशूट की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 10वीं कक्षा के लड़के के माता-पिता नाराज हो गए और उन्होंने बीईओ के पास शिकायत दर्ज कर शिक्षक के व्यवहार की गहन जांच की मांग की।

छह साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने किया हमला

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के गुंटूर में शनिवार सुबह एक छह साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक बच्चे की पहचान कार्तिकेय के रूप में हुई है। वह संपत नगर शिव मंदिर इलाके में कराटे क्लास के लिए जा रहा था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि पांच कुत्ते कार्तिकेय के ऊपर भौंकते हैं और हमला करते हैं। बच्चा वहां से भागने की कोशिश करता है। कुछ ही सेकंड्स के अंदर वहां से गुजर रहा एक मोटरसाइकिल सवार बीच-बचाव करता है और बच्चे को बचाता है।

मणिपुर में फिर एक युवक की गोली मारकर हत्या

इंफाल(वार्ता)। मणिपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने शनिवार को यहां एक मैतेई युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पश्चिमी इंफाल के कदांगबंद के ग्रामीणों ने बताया कि यहां पास के ही पहाड़ी इलाकों से लगातार गोलीबारी कर रहे कुकी उग्रवादियों को रोकने के लिए क्षेत्र के युवा गांव की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान जेम्स नामक एक युवक का गोली लगने से मृत्यु हो गयी। इसके बाद आसपास के पहाड़ी इलाकों से लोग हत्या और लगातार हमलों के विरोध में बाहर आ गए। उन्होंने कहा कि पहाड़ी इलाकों में तैनात सुरक्षाकर्मी उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जो खुलेआम अत्याधुनिक हथियारों के साथ घूम रहे हैं।

अयोध्या एयरपोर्ट रिकॉर्ड 20 महीने में बनकर तैयार

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश का अयोध्या शहर अपने पहले हवाई अड्डे के साथ एयर कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए तैयार है। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि इसे 20 महीने के रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने पिछले साल अप्रैल में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था। इसके अनुसार ही अयोध्या एयरपोर्ट को डेवलप किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अयोध्या हवाई अड्डे के लिए 821 एकड़ भूमि मुहैया कराई गई।

संजीव कुमार ने जोर देते हुए

कहा कि अयोध्या के लिए एयर कनेक्टिविटी जरूरी है और हवाईअड्डा प्राधिकरण इस विस्तार से खुश है। उन्होंने कहा कि इससे अधिक संख्या में यात्रियों का आवाजाही बढ़ेगी और अयोध्या में कनेक्टिविटी बेहतर होगी। हम एयरपोर्ट अथॉरिटी में इस विस्तार को लेकर बेहद उत्साहित हैं। मेरा मानना है कि अयोध्या के लोग भी खुश हैं। पीएम मोदी आज इसका उद्घाटन करने वाले हैं। अयोध्या एयरपोर्ट के बनने से श्री राम मंदिर के आसपास के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों (राम की पैड़ी, हनुमान गढ़ी, नागेश्वर नाथ मंदिर और बिड़ला मंदिर) पर भी आवागमन बढ़ेगा। अयोध्या की ओर आने वाले तीर्थयात्रियों को इस एयर कनेक्टिविटी का लाभ उठाएंगे।

भविष्य में टर्मिनल को विस्तार देने का प्लान

एएआई के अध्यक्ष ने नवनिर्मित हवाईअड्डे पर टर्मिनल के विस्तार की संभावना की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा कि अब हवाई मार्ग से भी अयोध्या पहुंचा जा सकेगा। अभी बनाया गया टर्मिनल छोटा है मगर भविष्य में इसका विस्तार किया जाएगा। बता दें कि यह हवाई अड्डा मुख्य अध्योध्या शहर से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर है। उसमें आधुनिक निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। उसे अयोध्या स्टेशन के नए भवन की भांति ही पारंपरिक स्वरूप प्रदान किया गया है। इसका मुख्य द्वार भी इसी तरह बनाया गया है। अयोध्या एयरपोर्ट का पहला चरण 1,450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6,500 वर्गमीटर होगा, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा करने के लिए तैयार होगा।

कनाडा के एक और खालिस्तानी को गृह मंत्रालय ने घोषित किया आतंक

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को कनाडा स्थित गैंगस्टर और खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के नेता लखबीर सिंह लांडा को गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत आतंकवादी करार दिया है। लांडा, जो पाकिस्तान से भारत में हथियारों और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस की तस्करी की निगरानी करता है, पिछले साल 9 मई को मोहाली में पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड हमले का मास्टरमाइंड है। वह इस संबंध में पंजाब पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी का वांछित है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, लांडा कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक तत्वों के साथ भी निकटता से जुड़ा हुआ रहा है, जिसमें खालिस्तान टाइगर फोर्स का मृतक नेता हरदीप सिंह निज्जर और सिख्स फॉर जस्टिस का नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून सहित कई लोग शामिल थे। पंजाब के तरनतारन जिले के हरिके निवासी लांडा फिलहाल कनाडा के एडमोंटन, अल्बर्टा में रहता है। लखबीर सिंह उर्फ लांडा, क्रॉस बॉर्डर एजेंसी द्वारा समर्थित, मोहाली में पंजाब राज्य खुफिया मुख्यालय की इमारत पर कंधे पर लगे रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड के माध्यम से आतंकवादी हमले में शामिल था।

न्यूज गैलरी

अंतर्राज्यीय क्रिकेट महोत्सव का शानदार दूसरा दिन

केवलारी नव प्रदेश। लगातार 8 वें वर्ष भी केवलारी नगर में एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी केवलारी के तत्वाधान में अंतर्राज्यीय क्रिकेट महोत्सव जारी है प्रतियोगिता के दूसरे दिन मैच का शुभारंभ श्री नीलेश तिवारी जूनियर इंजीनियर एमपीएसईबी केवलारी के मुख्य आतिथ्य में ङ्कञ्जष्ट नागपुर एवं ङ्खस्नष्ट मंडला के बीच खेला गया जिसमें वीटीसीए नागपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दिनेश के शानदार 75 रनो की बदौलत 165 रन बनाए, जवाब में वाय एफसीए मंडला की टीम के नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से पूरी टीम 135 रनों पर आल ऑउट हो गई।

शानदार बल्लेबाजी के लिए दिनेश को मन ऑफ द मैच का पुरुष्कार अधिवक्तागण श्री मनोज बघेल, श्री मोती जंघेला एवं श्री भूपेंद्र साहू द्वारा प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का प्रथम क्वार्टर फाइनल कल दोपहर 12 बजे से ङ्कञ्जष्ट नागपुर एवं जे पी जबलपुर के बीच खेला जाएगा।

एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी केवलारी के अध्यक्ष श्री अमित तिवारी, एवं आयोजन समिति ने आम जनों से इस आयोजन को सहयोग कर सफल बनाने की अपील की है।

शास्त्री वार्ड में निकाली गई भव्य अक्षत कलश शोभायात्रा

सिवनी नव प्रदेश। नगर के शास्त्री वार्ड मानेगांव रोड स्थित हनुमान मंदिर में आज मानेगांव ग्राम के मां शारदा मंदिर से श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश की शोभायात्रा मानेगाव से निकालकर पूर्व पार्षद अलकेश रजक के निवास एवं गहलोत भवन के सामने से होते हुए शास्त्री वार्ड में भ्रमण करते हुए मानेगांव रोड स्थित हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन आरती के बाद स्थापित की गई अक्षत कलश शोभा यात्रा में मुख्य रूप से अधिवक्ता नेतराम चौरसिया,वीरेंद्र श्रीवास्तव, अलकेश रजक पूर्व पार्षद , युवराज राहंगडाले,अधिवक्ता , रूपेश छोटू गहलोत, हितेश बंटी यादव, बृजपाल बिसेन, अभिषेक छोटू मालवीय, शुभम बिसेन , पत्रकार राकेश राजा मालवीय, राहुल पिंटू मालवीय, गगन बघेल , रोहित सक्सेना ज्योतिष, अमन हर्षित मालवीय, राहुल सनोडीया , दीपक चिरौंजे , रामकिशोर यादव पूर्व सरपंच मानेगांव,मुन्ना लाल यादव , प्रहलाद रजक ,जुलेश लक्की यादव एवं महिलाओं में श्रीमति मनीषा चौरासिया , श्रीमति स्वाति शालू रजक , श्रीमति वंदना मालवीय , प्रिया पप्पी श्रीवास्तव,श्रीमति नीतू मालवीय, श्रीमति कीर्ति गहलोत , श्रीमति उमा श्रीवास्तव,श्रीमति मीनल बहारे,श्रीमति लीला वाछले ,श्रीमति मंजू चिरोंजे , श्रीमति रामधारा सिरसाम , श्रीमति कंचन ठाकुर एवं सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं की गरियामय उपस्थिति रही।

प्रदेश में वर्तमान में 41.10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता

2027 तक इसे बढ़ाकर 53 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश में वर्तमान में जल-संसाधन विभाग के अंतर्गत 41 लाख 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता निर्मित की जा चुकी है। विभाग द्वारा दिसम्बर-2024 तक 43 लाख हेक्टेयर, दिसम्बर-2025 तक 46 लाख हेक्टेयर और दिसम्बर-2027 तक 53 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता बढ़ाये जाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है।

जल-संसाधन विभाग के अंतर्गत वर्तमान में 40 वृहद, 63 मध्यम और 375 लघु परियोजनाएँ निर्माणाधीन हैं, जिनकी कुल सिंचाई क्षमता 30 लाख हेक्टेयर है। वर्तमान स्थिति में 11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में आंशिक सिंचाई सुविधा विकसित की जा चुकी है। इन योजनाओं के पूर्ण होने पर 19 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का विकास होगा। प्रदेश में पानी के अधिकतम उपयोग के लिये सूक्ष्म दाब सिंचाई पद्धति को ब?ावा देने के लिये 40 वृहद और 53 मध्यम परियोजनाओं में दबावयुक्त पाइप सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का उपयोग करते हुए निर्माण किया जा रहा है।

जल-संसाधन विभाग के कुशल प्रबंधन से प्रदेश में निर्मित सिंचाई क्षमता का भरपूर उपयोग किया जा रहा है। जल-संसाधन विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में खरीफ फसल के लिये 3 लाख हेक्टेयर, ग्रीष्मकालीन फसल के लिये 83 हजार हेक्टेयर एवं रबी फसल के लिये निर्धारित लक्ष्य का 34.17 लाख हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में हर खेत को पानी उपलब्ध कराने के संकल्प को विभाग द्वारा पूरा किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

नगर परिषद केवलारी का गुंडाराज, उपयंत्री के पक्ष में सीएमओ

नगर परिषद उपाध्यक्ष सहित एक दर्जन पार्षद पहुंचे आईजी कार्यालय जबलपुर

शिकायत के बाद भी केवलारी थाने में दर्ज नहीं हुआ मामला ! हो सकता है बड़ा जन आन्दोलन।

केवलारी नव प्रदेश। नगर परिषद केवलारी में गुंडाराज से परेशान होकर सीएमओ, परिषद उपाध्यक्ष एवं एक दर्जन पार्षद जबलपुर आईजी कार्यालय पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज़ कराई शिकायत में उल्लेख किया है की नगर परिषद केवलारी के अध्यक्ष पति देवी सिंह बघेल की दखलंदाजी अब बर्दाश्त की बाहर हो चुकी है । उपयंत्री ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद के कामकाजी कार्यों के दौरान अध्यक्ष पति ने पहुंचकर अभ्रद व्यवहार कर जान से मारने की धमकी, उक्त अनेक विषय को लेकर नगर परिषद केवलारी में पदस्थ उपयंत्री शिवा मेहरा द्वारा पुलिस थाना केवलारी पर लिखित आवेदन देकर शिकायत की और साथ ही साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संदीप श्रीवास्तव से जाकर शिकायत की उक्त मामले पर नगर परिषद केवलारी से चुने हुए पार्षदों के द्वारा भी अध्यक्ष पति के खिलाफ शिकायत की उन्होंने आरोप लगाया है कि नगर परिषद केवलारी में कोई भी विकास कार्यो को लेकर जब चर्चा की जाती है या एजेंडे पास किए जाते हैं तो उसमें नगर परिषद के अध्यक्ष के पति के द्वारा हस्तक्षेप किया जाता है जिसको लेकर पार्षदों ने पहले भी धरना आंदोलन और प्रदर्शन किया है लेकिन आज तक इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इसी बीच जब मामला थाने तक पहुंचा तो वहां पर नगर परिषद उपाध्यक्ष और नगर परिषद के अध्यक्ष के बीच भी कहा सुनी लंबी चली। इतना ही नहीं इस मामले को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष से जब हम लोगों ने बातचीत करने की कोशिश की तो उनका कहना यह पाया गया नगर परिषद के कार्यों की निष्पक्षता एवं विकास कार्यों के लिए जो भी काम निरंतर किया जा रहे हैं उसको रोकने का प्रयास राजनीतिक रूप से होता है और केवलारी से जुड़े जनहित के विकास कार्यों को रोकने के लिए यह साजिश है, अध्यक्षा पति भी केवलारी के जिम्मेदार नागरिक भी हैं और उन्होंने आकर काम पूछ लिया तो इस पर नाराजगी किस प्रकार की नागरिक होने की जिम्मेदारी निभाते हैं उन्हें क्रिया की प्रतिक्रिया ही दी है। इसकी जांच करवाने के लिए हम भी आवेदन देने जा रहे हैं।

केवलारी नगर परिषद में विकास कार्य पड़े हैं ठप नगर परिषद के निर्वाचन के बाद से ही कभी अध्यक्ष और पार्षदों एवम नगर परिषद के प्रशासन के बीच तालमेल जम नहीं पाया है जिसको लेकर विकास कार्य रुके पड़े हैं नगर परिषद को गठन हुए काफी लंबे समय हो गया है लेकिन अभी तक प्रधानमंत्री आवास से लेकर केवलारी नगर परिषद के अंतर्गत क्षेत्र में कोई भी ऐसा विकास कार्य नहीं हुआ है जिसको लेकर नगर परिषद के जिम्मेदार पदाधिकारी गढ़ एवं नगर परिषद के जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि गण कोई अपना ठोस काम बता सकें, नगर परिषद के गठन होने के बाद शहर की पहली सरकार के आधा से ज्यादा कार्यकाल बीतने को है लेकिन या झगड़ों के बीच ही समेट कर रह गया है।

इनका कहना है

नगर परिषद के अध्यक्ष पति ने मुझे मारने की कोशिश की मेरे साथ अभ्रद्ता की जिसको लेकर मैं थाने में और एसडीम महोदय को आवेदन कर जांच की मांग की है। कार्यवाही न होने पर मै आज श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर से न्याय की गुहार लगाना पहुंचा हूं ।

उपयंत्री नगर परिषद केवलारी

नगर परिषद केवलारी के उपयंत्री के द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है अध्यक्ष पति की दखलअंदाजी पर आरोप लगाया गया है जिसको सक्षम फोरम तक भेज देंगे,अब देखते है क्या होता हैं

संदीप श्रीवास्तव अनुविभागीय राजस्व अधिकारी केवलारी

मेरे द्वारा ऐसा कोई भी कृत्य नहीं किया गया है जिससे किसी को अशोभनीय लगे, जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अगर केवलारी की नगर विकास कार्यों के लिए मैंने कोई बात रखी है तो यह गलत कैसे??

अध्यक्षा पति देवी सिंह बघेल

अध्यक्ष पति की दखलंदाजी से हम बहुत परेशान हैं अध्यक्ष बहुत अच्छी है लेकिन उनके पति की दखल अंदाजी से और कोई भी पार्षदों को कम नहीं देने से पार्षद भी नाराज है आज का मामला बेहद गंभीर है इसके लिए हम जबलपुर जीडी कार्यालय एवं भोपाल तक जाना पड़ा तो जाएंगे

नगर परिषद उपाध्यक्ष शिव चौधरी

शासकीय महाविद्यालय बरघाट में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग को शोध केन्द्र आरंभ के रूप में मान्यता मिली

बरघाट नव प्रदेश। राजा शंकर शाह वि.वि. छिंदवाड़ा की कुलपति डॉ. लीला भलावी के नवाचार प्रयोगों ने विश्वविद्यालय में रूके शोध कार्यों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय बरघाट, सिवनी में जिले का पहला शोध केन्द्र पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय में आरंभ किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुये पहाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सी.बी. झारिया ने बताया कि छिंदवाड़ा वि.वि. से संबंद्ध महाविद्यालयों में बरघाट महाविद्यालय ही एकमात्र शिक्षण संस्थान है, जहां बी.लिब, एम.लिब की कक्षायें संचालित है। विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर विश्वविद्यालय से इस विषय में शोध केन्द्र स्थापित करने हेतु पत्राचार किया जा रहा था। महाविद्यालय के आवेदन के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा शोध केन्द्र स्थापित करने निरीक्षण दल का गठन किया गया। इस निरीक्षण दल में डॉ. हेमंत शर्मा, डीन, जीवाजो वि.वि. ग्वालियर, डॉ. सत्यप्रकाश निकोसे, नागपुर वि.वि, डॉ. एस.पी. त्रिपाठी, ग्रामोदय वि.वि. चित्रकूट, डॉ. राजेन्द्र मिश्रा, राजा शंकर शाह वि.वि. छिंदवाड़ा, डॉ. जे.के वाहने, प्रभारी अकादमिक शाखा के रूप में सम्मलित थे।

निरीक्षण समिति ने विभाग की अद्योसंरचना, शोध केन्द्र हेतु आवश्यक सुविधाओं, उपलब्ध अध्ययन सामग्री के आधार पर शोध केन्द्र स्थापित करने हेतु अनुशंसा प्रदान की जिसके आधार पर महाविद्यालय में शोध केन्द्र स्थापित किया गया है।

विभाग प्रमुख डॉ. प्रदीप त्रिवेदी ने बताया कि महाविद्यालय दरघाट, महाकौशल क्षेत्र का एकमात्र महाविद्यालय है जहां पुस्तकालय विज्ञान विषय में शोध केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई। महाविद्यालय के विकास में क्षेत्रीय सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, विधायक श्री कमल मर्सकोले, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र राहंगडाले एवं समस्त जनप्रतिनिधि का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होता है, जिसके कारण ही महाविद्यालय में उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर आसीन है।

विभाग प्रमुख डॉ. प्रदीप त्रिवेदी ने कुलपति डॉ. लीला भलाती, कुल सचिव डॉ. मेघराज निमामा, शोध प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. युवराज पाटिल, डॉ. जे.के. वाहने प्रभारी अकादमिक शाखा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. धनाराम उइके, आईटी सेल संयोजक श्रीमती निशा जैन सहित सभी का आभार व्यक्त किया है। तथा आशा व्यक्त की है कि सभी के सहयोग से भविष्य में भी महाविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। शोध केन्द्र स्थापित होने से विभाग के पूर्व तथा वर्तमान छात्र/छात्राओं में हर्ष व्याप्त है, साथ ही महाविद्यालय परिवार के सदस्यों डॉ. बी.एल. इनवाती, डॉ. हरिहर सोलंकी सहित सभी ने हार्दिक शुभकामनायें दी हैं।

युवक की पीट-पीटकर हत्या, शव घर के बाहर फेंका

आधी रात उठा ले गए दबंग; परिजनों ने शव रखकर 4 घंटे किया चक्काजाम

रतलाम/नवप्रदेश। रतलाम में आधी रात में कुछ दबंग लोग एक युवक को उठा ले गए। उसकी लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। दो घंटे बाद उसका शव उसके घर के बाहर फेंक गए। गुस्साए परिजनों ने शनिवार दोपहर रतलाम-सैलाना रोड पर शव रखकर चक्का जाम किया। 48 घंटे में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन के बाद चार घंटे बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। पुलिस ने दो आरोपियों को भी राउंडअप किया है। पिपलौदा थानाक्षेत्र के शेरपुर गांव में धारासिंह (27) पिता जुझार सिंह परिवार के साथ रहता था। वह मानसिक रूप से कमजोर था। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे गांव का रहने वाला राहुल सिंह पिता भोपाल सिंह अपने 5 साथियों के साथ स्कॉर्पियो से आया। उसने धारासिंह को बाहर बुलाया। आते ही गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद गाड़ी में डालकर ले गए। रात करीब दो बजे जमकर पिटाई कर आरोपी उसे घर के बाहर डाल गए। परिजन ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे मां जागी। बाहर बरामदे में खून से लथपथ धारासिंह पड़ा था। इससे वहां चीख-पुकार मच गई। मौके पर गांव वाले भी इकट्ठे हो गए। गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शव जावरा अस्पताल भिजवाया। दोपहर में पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

दोपहर में सड़क पर शव रखकर चक्काजाम

शनिवार दोपहर 2 बजे परिजनों और गांव वालों ने रतलाम-सैलाना गांव पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। मौके पर जावरा एसडीओपी शक्तिसिंह, पिपलौदा थाना प्रभारी विक्रम सिंह भी पहुंचे। उन्होंने समझाइश दी, लेकिन परिजन नहीं माने। शाम को राष्ट्रीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह भी पहुंचे।

कार्रवाई के आश्वासन के बाद माने

परिजनों की मांग थी कि आरोपियों का घर ढहाया जाए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। आरोपियों की आधी जमीन भी उनके नाम की जाए। शाम करीब 5ः30 बजे मौके पर जावरा एसडीएम अनिल भाना पहुंचे। उन्होंने 48 घंटे में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही, अतिक्रमण तोड़े जाने के आश्वासन के बाद परिजन माने।

राम मंदिर अक्षत कलश यात्रा में उप मुख्यमंत्री शुक्ल हुए शामिल

भोपाल/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा में श्री राम मंदिर कलश यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने पवित्र नदियों के जल के कलश को शिरोधार्य कर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि सदियों बाद भगवान, राम जन्मभूमि मंदिर पर विराजमान होंगे। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

मुंह खोला तो जान से मार देंगे केवलारी में दंपति परिवार में लाखों रूपये की लूट

केवलारी में आम जनों में फैली दहशत

केवलारी नव प्रदेश। केवलारी के अंदर घरों में भी रहना सुरक्षित नहीं रहा ऐसा ही कुछ बीती रात्रि वार्ड नंबर 14 तिलक वार्ड में 20 सालो से निवासरत शिक्षक दीपक डहरिया अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रह रहे थे, जब वहां कामकाज से लौट कर अपने परिवार जनों के साथ भोजन कर कर अपने अपने कमरे में जाकर रात्रि विश्राम कर रहे थे इस बीच करीबन रात्रि 1ः00 बजे पीछे के ओर से दीवार कूदकर दरवाजे के लॉक को तोड़कर जब अंदर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे तो दीपक डेहरिया जी की पत्नी स्नेह लता डेहरिया आवाज सुनकर उठी और उन्होंने जब पूछने की कोशिश करी तो उनके ऊपर हमला करते हुए बाएं हाथ पर धारधार हथियार चोट से पहुंचाई गई और धमकी देकर कहां गया मुंह खोला तो जान से मार देंगे ऐसा कहकर परिवार दहशत में आ गया फिर भी दीपक डेहरिया जी ने फिर एक बार कोशिश की तो उनके ऊपर भी हथियार से हमला कर पैर में चोट पहुंचाई अपने और अपने बच्चों की जान बचाने के लिए परिवारजन सहम गय इसका फायदा उठाते हुए डकैतों ने घर में रखी तकरीबन सवा लाख की ज्वेलरी एवं 20000 कैश लेकर नौ दो ग्यारह हो गए इतना भयभीत मंजर देखकर परिवार वाले लोग भी क्या करें क्या ना करें उसको देखते हुए अपना मानसिक संतुलन को सचेत किया और फिर पुलिस को तुरंत सूचना कर थाना प्रभारी किशोर बामनकर पहुंचे लेकिन जब तक डकैत भागने पर कामयाब हो चुके थे सुबह जब यहां खबर केवलारी में फैली जब तक दहशत का माहौल निर्मित हो चुका था इस सनसनी खबर को सुनकर एसपी सिवनी भी अपने आप को रोक नहीं पाए और वह सिवनी से 52 किलोमीटर दूर केवलारी पहुंच चुके थे लेकिन चोर और डकैती और पुलिस की प्रति स्पर्धा में अभी तक डकैत ही जीतने के लिए कामयाब हुए हैं ऐसा केवलारी की जनता के बीच चर्चा का केंद्र बनी रही, तत्काल में उपस्थित केवलारी थाना प्रभारी किशोर बामनकर और पलारी चौकी प्रभारी आशीष खोपड़ागडे, उगली थाना प्रभारी गोदेवार तथा समस्त थाना के स्टाफ जांच में जुट गया है।

31 दिसंबर को हुये अनेक शिक्षक सेवानिवृत्त

सिवनी नव प्रदेश। पुण्य भूमि भारत में शिक्षक डॉ. राधाकृष्णन जी को राष्ट्रपति पद पर प्रतिष्ठित किया, और राष्ट्रपति डॉ. कलाम साहब ने सेवा निवृत्ति के बाद शिक्षक बनने का संकल्प ले निभाया तथा शिवाजी राजे ने गुरुभक्ति में सहर्ष अपना राज्य गुरुचरणों में अर्जित किया। शिक्षक (गुरु) सम्मानों के गौरवशाली आदर्शो को पुष्पित-पल्लवित करने वाली भारतीय संस्कृति की भूमि पर शिक्षकीय कार्य को जीविका का साधन बनाने वाले सरस्वती जी के उपासक राष्ट्र निर्माता कर्मयोग शिक्षक जो दिनांक 31 दिसंबर को सिवनी जिले के शालेय शिक्षा एवं जनजाति विभाग की शालाओं से सेवा निवृत्त हो शिक्षक वीरन सिंह बघेल, प्र.पा. (मा.शा. भैरोगंज) विनिया सिंह भलावी (कान्हीवाड़ा) शमीम खां (भोमा) देवीसिंह रहांगडाले (बरघाट), राधेलाल रहांगडाले (गंगेरुआ) ,बसंत कुमार चौरसिया (राधादेही, सिवनी) ,गजानंद बोपचे (खामी) , खेमसिंह रहांगडाले (खामी) , बसीराम हरिनखेड़े (बरघाट) , महेश प्रसाद रहांगडाले (बरघाट) प्रकाशचंद गोल्हानी (कुरई) उमेदसिंह हनवत (कुरई) , कलीराम उईके (घंसौर) . श्रीमति राजकुमारी तिवारी (आदेगांव) को सेवानिवृत्ति के पुनीत पर्व पर हार्दिक प्रसन्नता से ससम्मान अभिनंदन करते हुये जिला शिक्षक कल्याण सहकारी समिति सिवनी, जिला सिवनी उनके सुखी समृद्धशाली एवं यशस्वी दीर्घ जीवन की कामना करती है। प्रथामिक शाला राघादेही मे शाला परिवार ने बसंत कुमार चौरसिया को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई जिसमें शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

जिलेभर में दूसरे दिन भी चला जांच अभियान: अवैध गैस रिफिलिंग उपकरण जब्त

अफसरों ने गैंस एजेंसियों का भी किया निरीक्षण

बुरहानपुर/नवप्रदेश। पुलिस प्रशासन की ओर से जिलेभर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, पुलिस विभाग टीम ने संयुक्त रूप से विभिन्न गैस एजेंसियों की जांच की। टीम ने ग्राम बिरोदा में इंडेन ग्रामीण वितरक केंद्र, पवार भारत गैस इच्छापुर, सत्यम गैस शाहपुर, कृष्णा दिव्यहंस एचपी गैस ग्रामीण धुलकोट, दवाटिया इण्डेन ग्रामीण वितरक दवाटिया और प्रखर इंडेन ग्रामीण वितरक हैदरपुर एजेंसियों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी अर्चना नागपुरे ने बताया सभी एजेंसियों पर सुरक्षा के इंतजाम पाए गए। अफसरों ने संचालकों को और अधिक पुख्ता इंतजाम करने की हिदायत दी।

3 गैस टंकी भरने वाले नोजल, रिफिलिंग सामग्री जब्त

संयुक्त दल ने सुतार चाल रूईकर वार्ड विठ्ठल मंदिर के पास सुरेश गुप्ता बच्चु गुप्ता के यहां से 3 टंकी गैस भरने वाले 2 नोजल, पाइप अवैध रिफिलिंग की सामग्री जब्त की। कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देश पर गैस गोडाउन, गैस रिफिलिंग चेकिंग अभियान के तहत अफसरों ने जांच की। संयुक्त दल ने असीरगढ़, निंबोला सहित विभिन्न क्षेत्रों में बसों के दस्तावेज चेक किए गए। वाहन चालकों को आवश्यक समझाइश भी दी।

सुनो भाई उधो

आत्माराम के राज दरबार

चक्रवर्ती सम्राट महाराजाधिराज आत्माराम के आज खास दरबार लगे हे। मंत्री परिषद के सबो सदस्य दरबार में हाजिर हे। महारानी घला सिंहासन मं विराजमान हे। नरतकी एक फिल्मी गाना %इन्हीं लोगों ने, इन्हीं लोगो ने ले लीना दुपट्टा मेरा% गा के नाच के दरबार में सुंदर माहौल बना के चल दीस। महारानी घला तहां ले रनिवास मं चले गए।



परमानंद वर्मा

तय एजेंडा के मुताबिक दरबार के कार्रवाई शुरू करे के आदेश महाराज हा मंत्री ल देथे। मंत्री बताथे- महाराज, एक बड़े शिकायत मिले हे जेकर से देश मं अशांति, तनाव, दुख, कलेस, अनियाव, अत्याचार, अनाचार, भ्रष्टाचार अउ अराजकता खुलेआम चारों डहर बढ़त जात हे। एला समे राहत कहूं नइ रोके गिस तब भू-चाल आ जही, देश रसातल मं चले जाही। एकर ऊपर तत्काल गौर करे के जरूरत हे।

सम्राट आत्माराम, मंत्रि के बात ल सुन के चउक जथे अउ कहिथे- हैं, मोर देश मं अतेक अनर्गल अउ अतियाचार होवत हे अउ मैं कान मं रुई डार के बेफिकर सोवत हौं। मारे गुस्सा मं तमतमा जथे, चेहरा लाल-बाल हो जथे अउ पूछथे- मंत्री, कोन अइसे दुस्ट हे जउन मोर देश मं आगी लगावत हे, जहर घोरत हे, दुख, अशांति, आतंक अउ भय फयलावत हे। तैं का करत रेहे, तोर आंखी फूटगे रिहिसे, नइ दीखत रिहिसे का? जब आगी बंग-बंगागे, नदिया-नरवा मं पूरा मं सब गांव, खेत-खार बोहागे तब शिकायत करत हस। तहूं ल अभी बरखास्त करत हौं। एकर बहुत बड़े दोसी तहूं हस।

महाराज, ओकर जवाब मं उपमंत्री ल बलाथे अउ कहिथे अइसे कोन शैतान, बदमाश अउ लुच्चा हे ओमन ल पकड़ के दरबार मं हाजिर करे जाय। उपमंत्री बताथे- ओमन ल गिरफ्तार कर ले गे हे महाराज। ओमन परोसी देश के जासूस हे, इहां अशांति अउ आतंक फयलाय बर आय हें। गोपनीय कागजात अउ उपकरण घला बरामद करे गे हे। ओमन अपन नांव दृष्टि अउ वृत्ति बतावत हे।

सम्राट कहिथे- हैं, ये तो हमरे देश के सही नांव लगथे, अइसे तो नहीं गुमराह करे खातिर ओमन नकली नांव रख ले हे। नहीं महाराज, कड़ाई से पूछताछ करेन तब बतइन के जब देश के बंटवारा होइस तब ओमन ओ पार चले गैं। वइसे आय हमरे जात भाई, फेर पेट बेगारी मं नौकरी करत हें।

आत्माराम, मंत्री ल आदेश देथे- अच्छा ओ शैतान मन ल दरबार मं हाजिर करे जाय। दूनों झन ल हाजिर करे जाथे। आते साथ झुकके महाराज ल परनाम करथे।

लम्बा सांस भरत महाराज हा कहिथे- हां तब ये दूनो झन जम्हूरा इहां आके अपन जाल फयला डरे हे। बड़ा चुस्त, चलाक, चतुर अउ हुशियार दीखत हे मंत्री एमन।

दृष्टि अउ वृत्ति सम्राट के तेवर ल देखकर सकपका जथे। वृत्ति कोती आंखी मारत दृष्टि इशारा-इशारा मं चुप रेहे ले बता देथे।

सम्राट मंत्री ल कहिथे- ये शैतान मन कब ले हमर देश मं घुसे हें अउ अब तक का-का करे हें तउन ल पूछे जाय? ओमन मुंबई बम कांड, दिल्ली के संसद, जम्मू-कश्मीर अउ देश भर मं जतका बड़े कांड करे हे तेमा अपन हाथ होय के बात मंजूर करथे।

महाराजाधिराज दृष्टि-वृत्ति के बात ल सुनके सन्न खागे, नारी (नस) जुड़ागे। गुस्सा मं पूछथे- मंत्री, हमर गुप्तचर एजेंसी %रा सीबीआई अउ पुलिस का झख मारत हें, घास छिलत हे? दुश्मन के जासूस हमर देश के छाती मं चढ़के गिद-गिद ले हलावत हे वइसने जइसे बेंदरा मन आमा के पेड़ मं चढ़के हलाथे अउ जम्मो आमा बर-बर ले गिर जथे। का होही मोर देश के, जनता के। मरे बिहान हे। लगथे एमन मोर हत्या करे के %प्लान% करके आए हें?

सम्राट कहिथे- एमन ल अउ पूछ के जासूसी के टरेनिंग कहां ले पाय हें? मंत्री जब दृष्टि अउ वृत्ति ल बने तिखार-तिखार के पूछिस तब ओमन बतइन आईएएसआई (पाक), मोसाद (इजराइल), फिलस्तीन ले टरेनिंग पा के आय हें। जइसन एमन बतइस तइसन सम्राट ल मंत्री बता दीस।

मंत्रि ल महाराज कहिथे- ओ चंडाल मन ल बला मोर करा, मैं पूछिहौं- कइसे एमन अपन योजना ल अंजाम देथे।

दूनो चंगू-मंगू हड़बड़ावत सम्राट के आगू मं आके खड़ा हो जथे। पूछताछ शुरू होथे। हां, त बेटा दृष्टि अउ वृत्ति- तुमन दार, भात, रोटी, बासी, रमकेरिया, मुनगा, ढेंस, करेला, चुरचुटिया, भाटा के सब्जी खाथौ के नहीं?

महाराज के सवाल ल सुनके सकपकागे दूनो झन। ओमन गुने लगिन- ये खाना-पीना के जासूसी कांड ले का मतलब?

मतलब हे बेटा, तभे पूछथौं, हमर इहां भारत मं ये चलन हे, आदिकाल ले जइसे खाथे अन्न वइसे होथे मन। सम्राट पूछथे- तुमन दारू, मुरगा, खरगोस, सुअर, चीतल खाथौ न तेकर सेती तुंहर मन हिंसक बनगे हे। सही रदा ल छोड़के पयडगरी मं रेंगत हौ।

सम्राट फेर पूछथे- अच्छा ये बतावौ- तुंहर गुरु कोन हे जउन तुमन ल गलत रदा मं ढकेले हे?

दृष्टि अउ वृत्ति आफत मं परगे। कहूं बतावत हन तब ओती ले मारे जाबो अउ नइ बतावत हन तब एती ये सम्राट ह नइ बचावय। गुलाझाझरी मं परगे दूनो झन, का करयं अउ का नइ करयं?

दूनो सुनता करके निरनय लीन, सम्राट ल बता दे मं भलई हे। ओमन बताथे- हुजुर, हमन खूंखार राजा मन अउ बुद्धि के गुलाम होगे हन, जइसे हुकूम देथे तइसने पालन करथन।

अच्छा करेव बतादेव, नइ बताय रहितेव ते आज तुंहर मन के खडरी निछवा दे रहितेंव। तुमन ल फांसी मं टंगवा दे रहितेंव। आधा सजा माफ कर देंव। सम्राट फेर पूछथे- अच्छा ये बतावौ- तुमन अपन योजना ल कइसन ढंग ले चालू करथौ।

गुप्तचर एजेंसी आईएसआई, मोसाद, हमास के मुखिया मन के इही आदेश हे के पहली लोगन के दृष्टि खराब करौ। मैं वइसने हुबहू करथौं। अउ जइसे मैं देखथौं- ये वृत्ति विचार करथे। हमन दूनो मिलके समाज अउ देश के सबो नागरिक के मन ला दूषित कर देथन। मंदिर, मसजिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा, आश्रम, मठ, पंथ जिहां सब ध्यान, पूजा, पाठ, कीर्तन, यज्ञ, हवन करत रहिथे, सबके मन ल भटका देथन। ओमन सब अनैतिक काम मं लग जथे। भ्रष्टाचार, अनाचार अपने आप शुरू हो जथे।

ओमन बताथे- संसद, मंत्रालय, अस्पताल, उद्योग, युनिवरसिटी, अदालत, थाना, पुलिस हर घर, हर शहर के मनखे मन के दृष्टि, वृत्ति ल भटका देहन। सब लड़त, मरत, कटत हें, नियाव-अनियाव, इज्जत सरेआम सब बेचत हे। कोनो कोना अइसे नइ बांचे होही जउन हमर चपेट मं नइ आय होहीं। कोरोना के हमन बाप हन।

सम्राट, मंत्री ल आदेश देथे- मंत्री एमन ल तुरंत गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल मं बंद कर दे जाय अउ संझा-बिहनिया जल्लाद ल बुलाके रोज तीन-तीन कोड़ा लगाय जाय। अउ सुन %रा% के महानिदेशक ल आदेश करके मन अउ बुद्धि जिहां होय, उहू मन ला गिरफ्तार करवा अउ मोर आघु मं पेश करे जाय। सत्यानाश करत हें देश ल, उहू मन ल माफ नइ करौं। गद्दार हे ओमन।

रघुपति राघव राजा राम सज गया अयोध्या धाम

अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। रामलला दर्शन के लिए देशभर के अलावा इंदौर सहित आसपास के शहरों से बड़ी संख्या में लोग अयोध्या जाएंगे। इसे देखते हुए इंदौर से अयोध्या के लिए सीधी नियमित ट्रेन और इंदौर-अयोध्या के लिए सीधी फ्लाइट की मांग उठी है। ट्रेवल एसोसिएशन की मानें तो सबसे ज्यादा डिमांड इसी रूट की है। इंक्वायरी भी लगातार आ रही है। अभी अयोध्या के लिए सिर्फएक ट्रेन है। इसमें भी सालभर वेटिंग रहती है। विश्व ब्राह्मण संघ, अग्रवाल समाज, अग्रसेन सोशल ग्रुप, संस्था माहेश्वरी, खंडेलवाल समाज, वैश्य महासम्मेलन सहित विभिन्न समाजों ने कहा कि अयोध्या के लिए 2 और ट्रेन चलाई जाएं। विश्व ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष पं. योगेंद्र महंत ने कहा जल्द ही समाज और संस्थाओं के लोग रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से नियमित ट्रेन और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सीधी फ्लाइट की मांग करेंगे।

उन्होंने कहा सीधी ट्रेन चलने से यात्रियों को काफी फायदा होगा। उधर, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य जगमोहन वर्मा ने कहा इंदौर-अयोध्या ट्रेन के लिए रेलमंत्री से मांग करेंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों ने कहा कि अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर परिसर सीवेज और जल उपचार संयंत्रों के साथ-साथ अपने तरीके से 'आत्मनिर्भर' होगा. मंदिर परिसर में बुजुर्गों, दिव्यांगों और असहाय लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने के भी बड़े प्रयास किए गए हैं. कई खास सुविधाएं इन सभी लोगों के लिए परिसर में मुहैया करवाने पर काम किया जा रहा है राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की ओर से अयोध्या स्थित ट्रस्ट के कार्यालय में एक प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया. इस दौरान भव्य परिसर के लैंडस्कैप प्लान को साझा किया गया. चंपत राय का कहना है कि राम मंदिर परिसर की 70 एकड़ जमीन का करीब 70 फीसदी हिस्सा हरित क्षेत्र होगा. ट्रस्ट के पदाधिकारी ने यह भी कहा कि मंदिर कॉम्प्लेक्स अपने तरीके से 'आत्मनिर्भर' होगा. इसमें दो एसटीपी, एक डब्ल्यूटीपी के अलावा पावर हाउस से एक समर्पित लाइन भी होगी. चंपत राय ने इस प्रेजेंटेशन को साझा करते हुए कहा कि? भव्य मंदिर में 392 खंभे होंगे और 14 फीट चौड़ी 'परकोटा' परिधि होगी जो 732 मीटर लंबी होगी.

ननिहाल से आयेगा 3 हजार क्विंटल चावल

अयोध्या में तैयार हो रहे राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख (22 जनवरी) बेहद नजदीक आ गई है. इसलिए अब तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं, ताकि राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही सभी काम पूरे कर लिए जाएं। यूपी के अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के लिए देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी चीजें भेजी जा रही हैं. जैसे भगवान राम की ननिहाल छत्तीसगढ़ से तीन हजार क्विंटल चावल आने वाला है तो वहीं उनकी ससुराल नेपाल के जनकपुर से कपड़े, फल और मेवा के साथ-साथ उपहारों से सजे 1100 थाल आने वाले हैं. इसके अलावा भी भारत के अलग-अलग राज्यों से बहुत सारा सामान अयोध्या आएगा. आइए आपको बताते हैं कि कहां से क्या आने वाला है।

अयोध्या धाम आएगा नेपाल का उपहार

अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को होने जा रहे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए नेपाल से रामलला के लिए खास उपहार भेजे जाएँगे। नेपाल अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक के लिए कई तरह के आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयाँ सहित विशेष स्मृति चिह्न भेजेगा। अयोध्या में नेपाल से ये सब उपहार एक खास यात्रा जनकपुरधाम-अयोध्याधाम के जरिए पहुँचाएँ जाएँगे। ये यात्रा 18 जनवरी 2024 को नेपाल के जनकपुरधाम से शुरू होकर जलेश्वर नाथ, मलंगवा, सिमरौनगढ़, गढ़ीमाई, बीरगंज से बेतिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर होते हुए 20 जनवरी 2024 को अयोध्या पहुँचेगी। नेपाल के जानकी मंदिर के संयुक्त महंत रामरोशन दास वैष्णव के मुताबिक, नेपाल से भेजा गया खास स्मृति चिह्न रामजन्म भूमि राममंदिर ट्रस्ट को सौंप दिया जाएगा। बताते चलें कि भगवान राम की मूर्ति बनाने के लिए अयोध्या आई शिला भी नेपाल से भेजी गई थी। नेपाल में कालीगंडकी नदी के किनारे से इकट्ठा किए गए शालिग्राम पत्थरों को भगवान राम की मूर्ति बनाने के लिए चुनकर भारत भेजा गया था। इसी शिला से बनी रामलला की मूर्ति को उद्घाटन के दिन मंदिर में स्थापित किया जाएगा। नेपाल, अयोध्या के भव्य राममंदिर को उनके लिए विकास और पर्यटन क्षेत्र में नई संभावनाएँ के द्वार के तौर पर देख रहा है। नेपाल सरकार आस लगा रही है कि दुनिया भर से जो तीर्थयात्री राम के जन्मभूमि में प्रभु का दर्शन करने आएँगे वो माँ सीता के जन्मस्थल की भी यात्रा करेंगे। बताते चलें कि भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने 22 दिसंबर, 2023 को कहा कि दोनों देश जनकपुर और अयोध्या के बीच सिस्टर सिटी रिलेशनशिप स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने जनकपुर को रामायण सर्किट का जरूरी हिस्सा कहा है। रामायण सर्किट की परिकल्पना भारत सरकार ने साल 2014 में की थी। ये भगवान राम के जीवन को दिखता है और इसमें नेपाल के जनकपुर के साथ-साथ रामायण से संबंधित प्रमुख तीर्थ स्थल भी शामिल हैं। बीते हफ्ते नेपाल दूतावास के समन्वय में इनक्रेडिबल चैंबर ऑफ इंडिया ने रामायण सर्किट पर एक सेमिनार किया था। इस मौके पर नेपाली राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने कहा था कि दोनों देश सदियों से एक-दूसरे के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गंतव्य स्थल रहे हैं।

कहां से क्या-क्या आएगा?

1. राम लला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी. इसके बाद भगवान को विशेष भोग लगाया जाएगा, जिसमें ननिहाल के चावल और ससुराल का मेवा शामिल होगा.
2. ननिहाल छत्तीसगढ़ से 3 हजार क्विंटल चावल अयोध्या आएगा. ये अब तक की सबसे बड़ी चावल की खेप होगी, जो अयोध्या पहुंचेगी. इसे छत्तीसगढ़ के जिलों से एकत्र किया गया है।
3. भगवान राम की ससुराल नेपाल के जनकपुर से वस्त्र, फल और मेवा 5 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे. इसके अलावा उपहारों से सजे 1100 थाल भी होंगे.
4. नेपाल से आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयों के अलावा भार भी आएगा, जिसमें 51 प्रकार की मिठाइयां, दही, मक्खन और चांदी के बर्तन शामिल होंगे।
5. उत्तर प्रदेश के एटा जिले से रामलला के दरबार में अष्टधातु का 21 किलो का घंटा पहुंचेगा. दावा किया जा रहा है कि यह देश का सबसे बड़ा घंटा होगा, जिसकी लागत 25 लाख रुपये है. इसे बनाने में 400 कर्मचारी जुटे हुए हैं।
6. यूपी के एटा से अयोध्या पहुंच रहे घंटे की चौड़ाई 15 फुट और अंदर की चौड़ाई 5 फुट है. इसका वजन 2100 किलो है. इसे बनाने में एक साल का समय लगा है।
7. प्राण प्रतिष्ठा के लिए गुजरात के वडोदरा से 108 फीट लंबी अगरबत्ती अयोध्या भेजी जा रही है, जो बनकर तैयार है। इसे पंचगव्य और हवन सामग्री के साथ गाय के गोबर से बनाया गया है. इसका वजन 3500 किलो है।
8. वडोदरा से अयोध्या पहुंच रही इस अगरबत्ती की लागत पांच लाख से ऊपर है. इसे तैयार करने में 6 महीने का समय लगा है।
9. इस अगरबत्ती को वड़ोदरा से अयोध्या के लिए 110 फीट लंबे रथ में भेजा जाएगा. अगरबत्ती बनाने वाले विहा भरवाड़ ने बताया कि एक बार इसे जलाने पर ये डेढ़ महीने तक लगातार जलती रह सकती है।
10. राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान की चरण पादुकाएं भी वहां पर रखी जाएंगी. फिलहाल, ये पादुकाएं देशभर में घुमाई जा रही हैं.

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1492 इटली के सिसली क्षेत्र से 100,000 यहूदियों को निकाला गया। 1514 बेल्जियम के प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक वोज़ेलियस का ब्रसेल्ज़ में जन्म हुआ। 1711 जॉन चर्चिल मार्लबोरो के पहला राजा के रूप में अंग्रेजी सेना को बहार जाने का आदेश दिया। 1744 अंग्रेजी खगोल विज्ञानी जेम्स ब्रैडली ने पृथ्वी की नाटकीय गति की खोज की घोषणा की। 1756 रूस वर्साइल के गठबंधन में शामिल हुआ। 1758 ब्रिटिश अभियान सेना ने गोरे (डाकर) सेनेगल पर कब्जा कर लिया। 1759 डबलिन में ऑर्थर गिनीज ने 45 प्रति वर्ष की दर से 9,000 साल के पट्टे पर हस्ताक्षर किए और डबलिन में जेम्स ब्रेवरीज का निर्माण शुरू किया। 1775 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध में क्यूबेक की लड़ाई: अमेरिकियों ने ब्रिटिश गढ़ को ले जाने की कोशिश की। 1775 क्यूबेक के युद्ध में अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-पर, ब्रिटिश सेना ने फ्रांसीसी कनाडाई समर्थन को शामिल करने के लिए क्यूबेक सिटीड पर कब्जा करने के लिए महाद्वीपीय सेना के हमले को दोहराया। 1781 अमेरिका का पहला बैंक 'बैंक ऑफनार्थ अमेरिका' खुला।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:10, सूर्यास्त : 05:39, चन्द्रोदय : 20:29, चन्द्रास्त : 09:47, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : मघा, योग : प्रीति, प्रथम करण : विष्टि (09:43 तक), द्वितीय करण : बव (22:46 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : सिंह (29:42 से), मंगल : धनु (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:59 से 12:40, अमृत काल : 27:56 से 29:42, विजय मुहूर्त : 14:02 से 14:42, गोधूलि मुहूर्त : 17:23 से 17:51, सायाह्न सन्ध्या : 17:26 से 18:49, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:47, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:36 से 14:53, दुर्मुहूर्त : 07:12 से 07:53, होमाहुति : मंगल, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पाताल (09:43 से पृथ्वी), भद्रावास : मृत्यु (09:43 तक), चन्द्रवास : उत्तर (पूर्व 29:42 से)।

QUIZ TIME

1) भारतीय रेलवे का सबसे लम्बा रेलवे पुल कौन-सा है?

2) भारत का सबसे गहरा बंदरगाह कौन-सा है?

3) मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किस तिथि को तबला दिवस घोषित किया गया है?

4) हाल ही में अयोध्या रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर क्या रखा गया है?

5) 85वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2023 में पुरुष एकल का खिताब हाल ही में किसने जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बोगीबील ब्रिज, अरुणाचल प्रदेश, असम (2) विशाखापत्तनम (3) 25 दिसम्बर (4) अयोध्या धाम जंक्शन (5) विराग सेन

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आपका आज का दिन व्यर्थ के झगड़ो एवं बहस के कारण अशांति से व्यतीत होगा घर मे भाई बंधुओ से धैर्य की कमी के चलते किसी ना किसी बात पर मतभेद होने की संभावना है।

वृषः आपका आज का दिन आर्थिक रूप से पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे देर-अबेर उससे धन प्राप्ति होकर ही रहेगी।

मिथुनः आज के दिन आप घर मे सुख सुविधा बढ़ाने पर विचार करेंगे निकट भविष्य में इनके ऊपर खर्च करना पड़ेगा।

कर्कः आज का दिन आपके धन कोष में वृद्धि करेगा। लेकिन आज लापरवाही भी आपमें कुछ अधिक ही रहेगी महत्त्वपूर्ण कार्यो में टालमटोल का नतीजा हानिकर हो सकता है।

सिंहः आज के दिन आपकी सोची हुई योजनाए विफल रहेंगी। कार्य क्षेत्र अथवा घर मे हानि होने के योग बन रहे है प्रत्येक कार्य देखभाल कर ही करें।

कन्याः आज का दिन भी आपके लिये शुभफलदायी रहेगा। आज आपके विचार अधिकांश कार्य थोड़े से प्रयास के बाद पूर्ण हो जाएंगे।

तुलाः आज का दिन भी आपके लिए बेहतर साबित होगा। दिन के आरंभ में किसी बहुप्रतीक्षित कार्य के पूर्ण होने की संभावना बनेगी जिसके मध्यान तक पूर्ण होने की संभावना है।

वृश्चिकः आज आपका मन आध्यात्म की ओर स्वयं ही आकर्षित होगा। ज्योतिष एवं अन्य गूढ़ रहस्यों को जानने की लालसा रहेगी।

धनुः सेहत के दृष्टिकोण से आपका आज का दिन अशुभ रहेगा।

मकर : आज का दिन आपके लिए विजय दिलाने वाला रहेगा। घर एवं बाहर सर्वत्र आपके कार्य की प्रशंसा होगी।

कुंभः आज दिन के आरंभिक भाग में धन लाभ होगा परन्तु खर्च अधिक रहने के कारण संचय नही कर पाएंगे।

मीनः आज के दिन आपके अंदर बुद्धि विवेक की प्रचुर मात्रा रहेगी फिर आर्थिक कार्यो में संयम नही रख सकेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -289

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 288 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		रा	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	र्जा	ना
रा	ह	त		न	ज	र		व
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

न्यूज गैलरी

मंत्री देवांगन का प्रथम आगमन पर हुआ स्वागत

जांजगीर/नवप्रदेश। छ.ग. राज्य के केबिनेट मंत्री एवं कोरबा विधानसभा के विधायक लखनलाल देवांगन के जांजगीर चाम्पा जिले में प्रथम आगमन पर नेता जी चौक स्थित अमर सुल्तानिया के नेतृत्व में उनके ऑफिस के पास गजमाला से भव्य स्वागत किया गया, आतिशबाजी की गई एवं मिठाईया वितरण किया गया। केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व ने मुझे केबिनेट मंत्री बनाकर मंत्री जैसे महती जिम्मेदारी दी उसके लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, साथ ही छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगें। इस अवसर पर हितेश यादव, जितेन्द्र खाण्डे, सुधीर अग्रवाल, प्रफुल तिवारी, संतोष लहरे, सुनील पाण्डेय, साकेत तिवारी, भुपेन्द्र साहू, रामलल्ला सिंह, सुधीर झाझड़िया, वृन्दावन सिंह, आशीष गोयल, संतोष राठौर, दिनेश राठौर, बद्री केशरवानी, हितेश साहू, रमाकांत राजवाड़े, अनुराधा शुक्ला, प्रमिला कश्यप, हेमलता राठौर, उमा सोनी, पूजा राठौर, लोकेश शुक्ला, रमेश सोनवानी, रवि पाण्डेय, संजय राठौर, भीमबली नायक, बलराम पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, अनुराग केशरवानी, शैल राठौर, मयंक परमहंस, अरविंद साहू, डकेशवर यादव,आशुतोष केशरवानी, भोजराम साहू, प्रीतम दास, मनीराम कश्यप, नरेन्द्र सिंग राठौर, हेमंत गिर गोस्वामी, दुर्गा पटेल, केदार श्रीवास, अभिषेक गोस्वामी, अमन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

युवक पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। सक्ती पुलिस को सूचना मिली कि बुधवारी बाजार

के पानी टंकी के पास तीन आरोपियों ने राजू लाल उर्फ रौशन निवासी ग्राम पंचायत टेमर थाना सक्ती के ऊपर लाठी- डंडे से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पंहुचाएँ है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आहिरे को अवगत कराने पर, उन्होंने तत्काल घायल का ईलाज कराने एवम आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी सक्ति को दिए। एएसपी श्रीमती गायत्री सिंह के पर्यवेक्षण में सक्ति पुलिस की टीम ने इस मामले में तत्काल कार्यवाही करते हुए धारा 307 के तहत अपराध विवेचना करते हुए,एक आरोपी राहुल लाल यादव (20) निवासी ग्राम पंचायत नंदेली को घटना दिनांक को ही गिरफ्तार कर लिया था, जिसे रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जँहा से उसे जेल दाखिल कर दिया गया हथा।मामले के दो आरोपी फरार सज्जू खान और मानव सिदार घटना करके फरार हो गए थे, जिनकी पता तलाश की जा रही थी। सक्ति पुलिस ने नगर निरीक्षक विवेक शर्मा के नेतृत्व में फरार आरोपियों की सघन पतासाजी शुरू की।आरोपीगण अपना मोबाइल बंद करके फरार हो गए थे, तो सक्ति पुलिस टीम ने आरोपीगणो की तलाश में कोरबा, चांपा, रायगढ़ उनके रिश्तेदारी और दोस्तो के यहां छापेमारी शुरू की, और मुखबिर को सक्रिय किया।घटना के आरोपी सज्जू खान के बारे में पुलिस को सुंदरगढ़ ओडिसा के एक गांव में छुपे होने की सूचना पर ,तत्काल एक टीम वहां रवाना की गई, जहां से पुलिस की टीम ने पता तलाश और काफी मेहनत के बाद सज्जू खान को पकड़ लिया।

रासेयो का सात दिवसीय शिविर संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक

विद्यालय फास्टरपुर द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बैहरसरी में संपन्न किया गया। एनएसएस का थीम-नशा मुक्त समाज के लिए युवा, संपूर्ण स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एनडी कुर्रे, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत दिनेश पात्रे के द्वारा समापन किया गया। एनएसएस के छात्र-छात्रा दलनायक विवेक, उप दल नायक ज्ञानचंद खंडे सहित विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी अमित प्रसाद बंजारा के द्वारा सभी स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य एवं समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद संस्कृति एवं कला से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुवा नृत्य, कर्मा, पंथी आदि रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा की गई। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामबाबू मिश्रा के द्वारा सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया गया।

ऑक्सीजन प्लांट की कॉपर पाइप ले गए चोर

मुंगेली/ नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय में स्थापित 500 एलपीएम ऑक्सीजन प्लांट कॉपर पाईपलाईन चोरी होने की सूचना सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई। एमसीएच हॉस्पिटल में अचानक ऑक्सीजन पाईप लाईन में गड़बड़ी आने से स्वास्थ्यकर्मी परेशान हो गये। जिला चिकित्सालय में स्थापित 500 एलपीएम ऑक्सीजन प्लॉट कॉपर पाइपलाईन को 28 दिसम्बर को शाम 7 से 9 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी की गई एवं तांबे के पाईप को काटकर ऑक्सीजन पाईप लाईन को प्रभावित किया गया। बताया जाता है कि 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल के नर्सिंग स्टॉफ द्वारा 28 दिसम्बर को शाम 8 बजे के आसपास ऑक्सीजन प्रेशर लो होने की सूचना दी गई। उसके उपरांत ऑक्सीजन प्रेशर लो होने का कारण ढुंढा गया। लेकिन कहां पर पाईपलाईन लिकेज है रात्रि होने की वजह से नहीं मिल पाया। जिसे पुनः अगले दिन 29 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से ढुंढने पर 500 एलपीएम ऑक्सीजन प्लांट के अंदर एवं बाहर का पाईपलाईन क्षतिग्रस्त मिला एवं लगभग 13 मीटर कॉपर पाइपलाईन काटकर साथ में ले गया है तथा ऑक्सिजन प्लॉट की सुरक्षा घेरा जाली भी टूटा हुआ मिला। ऑक्सीजन प्रेशर लो होने के कारण अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों एवं शिशु रोग विभाग एसएनसीयू नवजात शिशुओं जो कि ऑक्सीजन में भर्ती थे जिन्हें बहुत परेशानी हुई एवं इलाज में बाधा उत्पन्न हुई।

नववर्ष के स्वागत का भारी उत्साह पूरी होगी विकास की भी उम्मीदें

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। एक वर्ष के स्वागत और पुराने वर्ष की विदाई के लिए शहर व जिले के विभिन्न स्थानों में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए है। नए वर्ष मनाने के लिए युवाओं में उत्साह नजर आ रहा है, जिसके चलते नगर के विभिन्न स्थानों में हैप्पी न्यू ईयर के कार्यक्रम रखे गए है।

रात के 12 बजते ही नए साल का आगाज हो जावेगा। सभी लोग वेलकम करने की तैयारी में जुटे हुंए है। वहीं हुड़दंग करने वाले युवाओं पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है। 31 की सुबह से अनेक लोग परिवार सहित पिकनिक स्थल पहुंचकर वनभोज का आनंद लेकर नए साल का जश्न मनाने की तैयारी मे जुटे है। सोशल साइट्स पर एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। थर्टी फर्स्ट की रात से ही पार्टियां का दौर चला। सबसे ज्यादा उत्साहित युवा वर्ग का रहा और उन्हे इस पल का बेसब्री से इंतजार था। डबल इंजन की सरकार के साथ -साथ डबल विधायक वाले इस जिले को सौगात की भी अपेक्षा है।

बायपास व राष्ट्रीय राजमार्ग का काम होगा पूरा

अधूरा एनएच एव बायपास-विगत कई सालो से निर्माणाधीन बायपास एव राष्ट्रीय राजमार्ग-का काम पूरा होने की इंतजार मुंगेली की जनता बेसब्री से कर रही है। दरअसल जिले में रेल और हवाई साधन नहीं होने की वजह से सड़क मार्ग ही जिलेवासियों को लिए जीवन रेखा की तरह है। लिहाजा इसके निर्माण पूरे होने की उम्मीद लगाए जनता बैठी है। अधिकारियों के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग बायपास का कार्य अभी भी प्रारभ नही हो पाया है। अच्छे चिकित्सक-जिले में अच्छे चिकित्सकों की लंबे समय से भारी कमी रही है। जिला चिकित्सालय के साथ ही ब्लॉकस्तर के सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केद्रों में भी चिकित्सकों की भारी कमी है। सरकार अधोसंरचना, बिल्डींग निर्माण पर खर्च तो कर रही है लेकिन जिले में अच्छे चिकित्सकों की कमी को दूर नहीं कर पा रही है। मेडिसिन चिकित्सकों को यहां सरकार बदलने के बाद भेजा गया है, लेकिन सर्जन चिकित्सकों की आवश्यकता को पूरा नहीं किया जा सका है। यही वजह है कि यहां अब भी मरीजों को रेफर करने का सिलसिला जारी है,जनता की उम्मीद अच्छे चिकित्सकों की भी है। सिटी स्कैन-जनता की मांग पर जिला अस्पताल मे जहां डायलिसिस व बर्निंग यूनिट प्रारभ कर दिया गया वही सिटी स्कैन की कमी इस जिले मे बनी हुई है,जिला अस्पताल मे सिटी स्कैन नही होने के कारण मरिजो को बाहर जाकर जांच करना पडता है,अनुसूचित जाति जनजाति बाहुल्य इस क्षेत्र की गरीब जनता को जहां आर्थिक क्षति होती हो रही है वही मानसिक परेशानी का सामना करना पड रहा है। शिक्षा के क्षेत्र मे-प्राथमिक शिक्षा के साथ-साथ जिले मे लां कालेज की मांग भी कई सालो से अधूरी है जिसकी आस भी जिलेवासियो को है।

5 हजार से अधिक बच्चे कुपोषित

आज भी अच्छी उच्च शिक्षा लेने के लिए विद्यार्थियों को बाहर जाना पड़ता है। कुपोषण से मुक्ति-जिला आज बाहुल्य जिला है। यहां लगभग 5 हजार से अधिक बच्चे कुपोषित और गंभीर कुपोषित की श्रेणी में गुजर-बसर कर रहे हैं।1 महीने में लाखों, करोड़ों रुपए खर्च भी किया जा रहा है। बावजूद इसके कुपोषण का आंकड़ा पैसे खर्च करने के आंकड़ों की तुलना में बेहद धीमी गति से कम हो रहे हैं। जिसे जल्द से जल्द दुरुस्त किये जाने जनता की उम्मीद है कुपोषण से मुक्ति की उम्मीद एक बड़ी उम्मीद है। रेल की मांग-जिले में रेल की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन का इतिहास सदियों पुराना है।रेल संघर्ष समिति के सदस्यो के मुताबिक विगत 40 सालों से यहां रेल की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत भाजापा सरकार के दौरान प्रारभ करने की पहल की गई थी कग्रेस की सरकार ने इस पर ध्यान नही दिया अब जब भाजापा की डबल इंजन वाली सरकार बन गयी है जिनसे रेल दिलाने की उम्मीद जनता लगाए बैठी है। पर्यटन का विकास- प्राकृतिक सौंदर्यता से संपन्न जिले में पर्यटन के क्षेत्र में भी अधिक विकास की संभावनाएं हैं। जिला प्रशासन फिलहाल इस ओर ध्यान दे रहा है। जिले के कलेक्टर के द्वारा कई पर्यटन के क्षेत्र का दौरों किए हैं। बावजूद इसके पुराने पर्यटनस्थल अब भी जर्जर हालत में पड़े हुए हैं। पुराने पर्यअन स्थलों को सहेजकर उनका विकास करने की उम्मीद भी प्रशासन से लगी हुई है। बेरोजगारों को रोजगार-जिले में रोजगार की तलाश की वजह से पलायन की समस्या एक गंभीर समस्या रही है।हालांकि कुछ वर्षों से इस समस्या में कुछ कमी आई है। लेकिन क्रागेस कार्यकाल मे कौशल विकास कार्यक्रम बंद हो जाने व सही जानकारी नही मिल पाने के साथ-साथ स्थाई रोजगार नहीं होने की वजह से बेरोगारो की संख्या मे इजाफा हुआ है इस पर भी नये वर्ष मे सुधार आने की उम्मीद बेरोगार लगाए बैठे है। पूर्व के 5सालो मे विपक्ष के विधायक का दंश झेल रहे नगरवासियो को डबल इंजन की सरकार और स्थानीय विधायक के साथ-साथ उप मुख्यमंत्री भी स्थानीय और जिले के लोरमी विधान सभा के विधायक चुने गये यानी डबल इंजन की सरकार के साथ - साथ डबल विधायक वाले इस जिले को सौगात की भी अपेक्षा है।

धान खरीदी में अनियमितता, फड़ प्रभारी को हटाया

कोरबा/नवप्रदेश। धान खरीदी अभियान के दौरान कड़े हिदायतों के बाद भी अनियमितता बरतना सोनपुरी समिति के फड़ प्रभारी बरत राम साहू को भारी पड़ गया।मीडिया में प्रकाशित खबर पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने जांच कमेटी बैठाते हुए प्रकरण की जांच पूरी होने तक फड़ प्रभारी को फड़ प्रभारी के कार्य से पृथक कर दिया है। जारी आदेश अनुरूप इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने धान खरीदी अभियान के दौरान सोनपुरी उपार्जन केंद्र में अनियमितता से जुड़ी खबरें प्रकाशन कर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। खबर से विभाग की धूमिल हो रही छवि पर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्रीमती पूर्णिमा सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है । उन्होंने प्रकरण में जांच कमेटी बैठाते हुए ,सहकारिता विस्तार अधिकारी विकासखंड कोरबा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही प्रकरण की जांच पूरी होने तक फड़ प्रभारी बरत लाल साहू को फड़ प्रभारी के कार्य से पृथक करने का आदेश दिया है । उनके स्थान पर समिति को किसी अन्य योग्य कर्मचारी को यह दायित्व सौंपने के आदेश दिए हैं। उप पंजीयक की सख्त कार्रवाई से सहकारिता विभाग में हड़कम्प मचा है ।वहीं यह उम्मीद

जताई जा रही है कि ऐसे कार्रवाई से धान खरीदी व्यवस्था से जुड़े कर्मचारी निष्ठापूर्वक अपने कार्यदायित्वों का निर्वहन करेंगे। उप पंजीयक लगातार धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रही हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि धान खरीदी जैसे शासन के महती अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी,नाफ़रमानों पर तत्काल कार्रवाई होगी।

पीएम जनमन योजना का लाभ दिलाने प्रशासन मिशन मोड़ पर

तेजी से किया जा रहा है कार्य

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना को विशेष पिछड़ी जनजातियों तक पहुंचाने तथा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा कार्य योजना के अनुरूप शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र हितग्राहियों को लाभन्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से

लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत ठीरीआमा, लालपुर एवं कोनकोना समेलीभांठा में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु किए जा रहे कार्यों के बारे में विभागवार जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत ऐसे समुदायों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवंर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस दौरान शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण के रूप में बीपी, शुगर, आंख, खून की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी प्रदान की जा रही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने की व्यय-लेखा समाधान की समीक्षा

सक्ती/नवप्रदेश। आज जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन के तहत व्यय लेखा समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जांच व्यय प्रेक्षक श्री अतुल कुमार रामगोखे और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक व्यय प्रेक्षक, सहायक नोडल अधिकारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों सक्ति, चंद्रपुर एवं जैजैपुर के अभ्यर्थियों एवम अभिकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक लेकर समीक्षा की गई। विधानसभा निर्वाचन के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों सक्ति, चंद्रपुर एवं जैजैपुर के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय और लेखा संबंधी विवरणों की जांच व्यय प्रेक्षक श्री अतुल कुमार रामगोखे द्वारा शुक्रवार को मिलान किया गया। जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी प्रत्याशियों एवं अभिकर्ताओं द्वारा निर्वाचन प्रचार-प्रसार के लिए किये गए सम्पूर्ण लेखा एवं व्यय संबंधी विवरण व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

जिसकी जांच व्यय प्रेक्षक के द्वारा की गई। व्यय अनुवीक्षण सेल द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय की विस्तृत जानकारी पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सहमति दी गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालेश्वर राम, सहायक व्यय प्रेक्षक श्री रवि अग्रवाल, सहित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

शहर की 2 वार्डों में पुलिस के छापे अवैध शराब बिक्री के ७ मामले दर्ज

रायगढ़/नवप्रदेश। शहर के कोतवाली थानाक्षेत्र अंतर्गत नया जगतपुर में अवैध शराब की सूचना को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी कोतवाली को सभी वार्डो मे लगातार छापेमारी कर अवैध शराब पर प्रभावी कार्यवाही करने तथा इस कारोबार में लिप्त रहे व्यक्तियों को कड़ी समझाश देने निर्देशित किया गया है।

निर्देशों के पालन में सीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं टीआई कोतवाली शनिप रात्रे एवं उनकी टीम द्वारा नया जगतपुर मोहल्ले एवं आसपास के वार्डो में अवैध शराब बिक्री को लेकर छापेमारी की गई, हालांकि दो दिनों में कहीं अवैध शराब बरामद नहीं हुआ है। सक्रिय मुखबीरों से प्राप्त सूचनाओं पर पुलिस टीम विधिवत मकान, बाड़ी

व अन्य स्थानों की तलाशी ली जा रही है, इस दौरान अधिकारियों ने अवैध शराब की बिक्री पर संबंधितों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है और भविष्य में भी अवैध शराब बिक्री नहीं करने हिदायत दिया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली ने थाने के विवेचक उप निरीक्षक दिनेश बहिदार, सउनि इगेश्वर यादव, गौतम ठाकुर, महिला प्रधान आरक्षक अरूणा चौरसिया के हमराह टीम बनाकर अलग-अलग समय पर वार्डो में दबिश देकर रोजनामचा रिपोर्ट दर्ज करने निर्देशित किया गया है। छापेमारी दौरान मोहल्लेवासियों को समझाईस दिया गया कि अवैध शराब एवं अनैतिक कार्य में संलिप्त लोगों के संबंध में तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस की जांच पड़ताल को लेकर अवैध कार्यो में लिप्त लोगों में हड़कंप है वहीं सुकून पसंद लोगों ने पुलिस कार्रवाई की सराहनी की।

अव्यवस्था.... अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही, सड़क की भी मरम्मत तक नहीं

लोरमी बायपास सड़क पर गड्डे ही गड्डे, दुर्घटना की आशंका

मुंगेली/नवप्रदेश। जर्जर एवं गड्ढेयुक्त सड़क को लेकर नागरिक परेशान है। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते सड़क के गड्ढो की भी मरम्मत नहीं हो पा रही है। शहर के मुख्य मार्गो में सड़कों की स्थिति यह है कि गड्ढे और सड़क में फर्क करना मुश्किल हो गया है। लोक निर्माण विभाग प्रतिवर्ष सड़क मरम्मत के नाम से लाखों रूपये पेचवर्क के नाम से निकालती है। लेकिन सड़क के मुख्य मार्ग पर स्थापित गड्ढे हकीकत को बयां करते रहती है।

पड़ाव चौक से बायपास लोरमी रोड में जाने वाली सड़क बहुत अपडाउन है, इस मार्ग पर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे है जो यातायात को प्रभावित करता है।

यह स्थल दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस मार्ग पर अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी है, दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु भी हो चुकी है। वर्तमान में इस संड़क पर इतने गड्ढ़े हो चुके हैं कि इस मार्ग पर आवागमन करना बेहद खतरनाक हो गया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उर्मिला रमेश यादव ने कहा कि सड़क इतनी खराब हो गई है कि मरम्मत से काम नहीं चलने वाला। इस मार्ग पर अक्सर आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क के गड्ढ़ों से अधिकारी अनभिज्ञ है। स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं भी आये दिन दुर्घटना के शिकार होते रहते है। उल्लेखनीय है कि आगर नदी पर लोरमी रोड पर नया पुल बनने के बाद इसे मिनी बाइपास के रूप में विकसित किया गया। इस मार्ग को शहर के बींच से गुजरने वाले नेशनल हाईवे के बड़े वाहनों के लिए वन वे किया गया। जिसके चलते इस मार्ग से भारी वाहन गुजरने लगे। इसके बाद से यह सड़क खराब होने लगी। भारी वाहनों के चलने से सड़क उखड़ने लगी तथा बड़े-बड़े गड्ढे होने लग गए तथा सड़क पर धुल का गुबार एवं गड्ढ़ो की भरमार है। इस संड़क को नए सिरे से बनाने की जरूरत है तब कहीं जाकर सड़क दुरूस्त हो पाएगी। शहर मे अनेको सड़क को लेकर को समस्या रहीं है। यहां समस्या पिछले 5 वर्षो से बना हुआ है, कुछ समय पहले कुछ सडको का काम तो कराया गया। जिसमें काम इतना घटिया किया गया था कि सड़क कुछ ही दिनों के बाद उखड़ गई। जिले में पदस्थ लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जिला मुख्यालय में न रहकर दूसरे जिलों से कार्यालय आकर खानापूर्ति करते है। नगर व क्षेत्र की इन गड्ढेयुक्त सड़क की समस्याओं से अनभिज्ञ रहते है। इन समस्याओं के प्रति जनप्रतिनिधिगण भी मजबूरीवश कुछ नहीं बोल पाते। जिसका खामियाजा आम नागरिकों को उठाना पड़ता है। जिला सहकारी बैंक के पास गड्ढे हो गये है। इस स्थल पर दाऊपारा से आने वाले सड़क ढाल पर है। दूसरी छोर पर पुल से आने वाली सड़क इस गड्ढें से आकर मिलती है। पुल से गड्ढे तक आने वाली सड़क भी उतार पर है जिससे इस स्थल पर वाहनों की गति ढाल की वजह से ज्यादा होती है जिससे इस स्थल पर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। गड्ढों वाले इस स्थल पर आटो पलटने की दुर्घटना हो चुकी है। यही गड्ढा कई छोटी दुर्घटनाओं को अंजाम दे चुका है। बड़ी दुर्घटना होने की संभावना यहां बनी हुई है। पड़ाव चौक से पण्डरिया-जबलपुर राष्ट्रीय मार्ग पर सेंट जेवियर्स स्कूल के आगे पानी टंकी के पास की सड़क में कई गड्ढे होने से प्रतिदिन यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस स्थल पर अनेक बड़े गड्ढे है। जिसके चलते चारपहिया वाहनों को इस स्थल से गुजरने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

न्यूज गैलरी

रायपुर महापौर की हटाई गई सुरक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के महापौर एजाज ढेबर की सुरक्षा हटा ली गई। कांग्रेस सरकार के वक्त महापौर ढेबर की सुरक्षा में तीन पुलिसकर्मी बतौर पीएसओ

पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर ड्यूटी पर लगाए गए थे। ये सार्वजनिक कार्यक्रमों में महापौर के साथ ही हुआ करते थे अब इन्हें हटा लिया गया है। आमतौर पर रायपुर के महापौर को पुलिस सुरक्षाकर्मी दिए जाते रहे हैं मगर इस बार सरकार बदलते ही अचानक ढेबर की सिक्योरिटी को हटा लिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सिर्फ एक पुलिसकर्मी को महापौर के साथ रखा गया है इससे पहले तीन पीएसओ (पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर) महापौर के साथ हुआ करते थे। कांग्रेस नेताओं को दी गई तमाम सुरक्षा का नए सिरे से रिव्यू पुलिस विभाग कर रहा है। जहां जरूरत नहीं वहां से सुरक्षा हटाने का काम शुरू किया जा चुका है। महापौर समेत रायपुर के पूर्व विधायक कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा को भी रिव्यू किया गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य नेताओं की सिक्योरिटी को भी हटाया जा सकता है।

दल्लीराजहरा साइडिंग में मालगाड़ी पटरी से उतरी

रायपुर/नवप्रदेश। सुबह 07:25 को रायपुर रेल मंडल के दुर्ग-दल्लीराजहरा सेक्शन के मध्य दल्लीराजहरा के साइडिंग में खाली मालगाड़ी के वगैन पटरी से उतर गए हैं। इस घटना में किसी भी तरह का जानमाल हानि नही हुआ है एवं न ही दुर्ग-दल्लीराजहरा सेक्शन की मुख्य लाइन पर यातायात प्रभावित हुआ है। यह मालगाड़ी खाली वगैन कर दल्लीराजहरा माइंस जा रही थी और प्लेसमैंट के दौरान मालगाड़ी का एक डिब्बा पलट गया और दो डिब्बे पटरी से उतर गये हैं। दुर्ग - दल्लीराजहरा सेक्शन में कोई भी यात्री गाड़ी प्रभावित नही हुई हैं यात्री गाड़ियों का परिचालन हो रहा है।

मर्चेंट नेवी की नौकरी छोड़ बन गया ठग, दो शातिर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। डोमिनोज की फ्रेंचायजी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले बिहार के दो ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने 25 लाख 77 हजार 500 रुपये की ठगी की थी। टिकरापारा थाना पुलिस और क्राइम की टीम ने सिकंदर कुमार निवासी चरुखिया थाना खुदागंज जिला नालंदा बिहार और सूरज कुमार निवासी भराव पार दुर्गा स्थान थाना लहेरी जिला नालंदा बिहार को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपित फरार है। इनके खाते से छह लाख रुपये होल्ड करवाए गए हैं। सिकंदर कुमार 2020-21 में मर्चेंट नेवी में काम किया। इसके बाद नौकरी छोड़ कर वह ठगी करने लगा। आरोपितों के कब्जे से प्रकरण से संबंधित नौ मोबाइल फोन, नौ एटीएम कार्ड, फिंगर प्रिंट स्केनर, आधार कार्ड, वोटर आइडी और पासपोर्ट जब्त किया गया है। शनिवार को मामले का राजफाश करते हुए एएसपी लखन पटले ने बताया कि प्रार्थी सुदिप्ता धारा निवासी संतोषी नगर ने थाना टिकरापारा में ठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। प्रार्थी ने डोमिनोज की फ्रेंचाइजी के लिए गूगल में सर्च किया था। वहीं से गूगल सर्च में ठगों का विज्ञापन मिला था। इसके बाद फोन में बात करने के बाद आरोपितों ने प्रार्थी को अपनी बातों में लेकर डोमिनोज फ्रेंचाईजी दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग बहाने से अलग- अलग किश्तों में कुल 25,77,500 रुपये जमा करवा लिए थे। रिपोर्ट के बाद पुलिस और क्राइम की टीम ने मामले की जांच शुरू की और बैंक खाते और मोबाइल नंबर की जांच के बाद छह सदस्यीय टीम को बिहार रवाना किया गया। आरोपित लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे थे। पुलिस ने जांच कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया।

किसान और राइस मिलर्स हमारी अर्थव्यवस्था के दो पहिए : विष्णुदेव साय

छत्तीसगढ़ राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव शनिवार को प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय का समारोह में मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने ड्रायफ्रूट की माला, साफा और गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने अभिनंदन समारोह के आयोजन के लिए मिलर्स एसोसिएशन को धन्यवाद देते हुए नववर्ष की अग्रिम बधाई दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धान की फसल हमारे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का आधार है। किसान और राइस मिलर्स हमारी अर्थव्यवस्था को दो पहिए हैं। हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती और गतिशीलता के लिए दोनों पहियों की मजबूती और गतिशीलता बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार की है। हम मिल-जुलकर प्रदेश के चावल उद्योग को नयी ऊंचाइयों पर स्थापित करेंगे। सीएम ने कहा कि हम सबके लिए बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ में धान का उत्पादन लगातार बढ़ा है। इससे चावल उद्योग के क्षेत्र में नयी संभावनाओं का जन्म हो रहा है। आज छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा चावल

के महत्वपूर्ण निर्यातक राज्य के रूप में स्थापित हो चुकी है। अभी छत्तीसगढ़ में परिवहन के क्षेत्र में बहुत कुछ करना शेष है। अन्य राज्यों से हमारी कनेक्टिविटी बढ़े, रेल नेटवर्क और मजबूत हो, साथ ही एयर कनेक्टिविटी भी मजबूत होनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी अध्यक्षता में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 23 वीं बैठक में छत्तीसगढ़ में कार्गो हब बनाने की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके निर्माण से प्रदेश में व्यापार-व्यवसाय फलेगा-फूलेगा। कल ही राज्य के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हुआ है। परिवहन विभाग की जिम्मेदारी मेरे पास है। परिवहन के विकास के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में हम नये आयाम स्थापित करेंगे।

तेजी से मिलिंग करने मिलर्स से की अपील

मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मिलर्स और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है कि कस्टम मिलिंग का काम बहुत तेजी से किया जाए, ताकि छत्तीसगढ़ के कोटे का चावल सेंट्रल पूल में तेजी से जमा कराया जा सके। मुख्यमंत्री साय ने राज्य के सभी मिलर्स से पूरी क्षमता से और तेजी से मिलिंग करने की अपील की।

छत्तीसगढ़ में राइसमिल बड़ा व्यवसाय

प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की भूमि और भगवान श्री राम का ननिहाल है। छत्तीसगढ़ से भांचा राम के लिए सुगंधित चांवल भेजा जा रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राईस मील बड़ा व्यवसाय है। कृषि की प्रगति में भी राईस मिलर्स का बड़ा सहयोग है। सांसद सुनील सोनी एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

आपका मेरे प्रति अटूट विश्वास मुझे नवऊर्जा प्रदान करता है: ओपी चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी के रायपुर निवास में छात्रों का समूह पहुंचा और श्री चौधरी से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। श्री चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं के निदान का निर्देश दिया। कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने अपने पोस्ट में लिखा कि आज निवास स्थान, रायपुर में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी व समस्याओं के अति शीघ्र निदान हेतु उन्हें आश्वस्त कर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आप सभी से प्राप्त स्नेह और मेरे प्रति आपका अटूट विश्वास ही मुझे जनसेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए नव ऊर्जा प्रदान करता है।

संविदा डॉक्टरों नहीं मिलेगा वेतन रद्द हुआ वेतन का आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। डेंटल कॉलेज के संविदा डॉक्टरों को दूसरे मेडिकल कॉलेजों से वेतन देने संबंधी आदेश रद्द कर दिया गया है। ऐसा नियम पहली बार बनाया गया था। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस नियम को गलत भी बताया था, लेकिन तत्कालीन स्वास्थ्य सचिव ने अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए यह नियम बनाया था। इस संबंध में डीएमई को आदेश देकर नियम का पालन करने को कहा था। आदेश के बाद डीएमई कार्यालय उहापोह में था कि आखिर ऐसे नियम का पालन कैसे कराएं? नए स्वास्थ्य सचिव ने अब इस आदेश को ही रद्द कर दिया गया है। डेंटल कॉलेज के दो एसोसिएट प्रोफेसर को प्रोफेसर पद पर प्रमोशन कर दुर्ग व राजनांदगांव के सरकारी मेडिकल कॉलेजों से वेतन देने की तैयारी की जा रही थी। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि संविदा डेंटल के डॉक्टरों को किसी मेडिकल कॉलेज से वेतन दिया जाए। चूंकि आदेश हेल्थ सेक्रेटरी का था इसलिए मातहत अधिकारियों को मजबूरी में ये आदेश डेंटल कॉलेज को जारी करना पड़ा। इसके बाद हेल्थ सेक्रेटरी ने इस नियम को ही रद्द कर दिया। इस संबंध में उन्होंने डीएमई के स्थापना शाखा से भी राय ली तो अधिकारियों ने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ। जब नियमों की पड़ताल की गई तो ऐसा नियम है ही नहीं। हां, नियमित सीनियर डॉक्टरों को दूसरे कॉलेज से वेतन दिया जाता है। जिन दो डॉक्टरों को दूसरे मेडिकल कॉलेज से वेतन देने की तैयारी थी, वे अभी भी संविदा में सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें उसी विभाग में प्रोफेसर प्रमोट करना था, जबकि सेटअप में वह पद ही नहीं था।

इसलिए अन्य मेडिकल कॉलेज से वेतन

रायपुर विकास प्राधिकरण हुआ कर्ज मुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) द्वारा कौशल्या माता विहार के विकास हेतु सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा सदर बाजार, रायपुर से कुल 600 करोड़ रूपए ऋण लिया गया था। इस पूरी ऋण राशि का भुगतान रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण सचिव महादेव कांवरे द्वारा आज रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लिए गए ऋण के भुगतान की अंतिम किस्त के रूप में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा सदर बाजार रायपुर के चीफ मैनेजर रिकवरी राजीव सिंग एवं सीनियर मैनेजर विमल नायर को 04 करोड़ 45 हजार 147 रूपए

का चेक सौंपा गया। इसके साथ पूरी ऋण राशि का भुगतान संबंधित बैंक को कर दिया गया है। इस अवसर पर रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू सहित प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। रायपुर विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेन्ट्रल बैंक से ली गई कुल ऋण राशि में से बकाया ऋण राशि 334 करोड़ रूपए का पिछले डेढ़ वर्ष की अवधि में भुगतान कर रायपुर विकास प्राधिकरण कर्ज से मुक्त हो गया है। वर्तमान में आरडीए पर किसी भी बैंक का किसी प्रकार का कोई ऋण बकाया नहीं है। इसके पूर्व 28 दिसम्बर 2023 को प्राधिकरण द्वारा 20 करोड़ रूपए की राशि का चेक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा सदर बाजार रायपुर को दिया गया था। गौरतलब है कि कौशल्या माता विहार के अंतर्गत कुल 16 सेक्टर विकसित किये गये हैं, जिसमें आवासीय भूखंड तथा व्यावसायिक भूखंड का विकास किया गया। कौशल्या माता विहार में लगभग 153 नग स्थल उद्यान विकास के लिए आरक्षित हैं, जिसका क्षेत्रफल लगभग 98 एकड़ है।

छग की शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की होगी कोशिश : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा किसी भी राज्य के विकास का महत्वपूर्ण आधार होती है हमारी कोशिश होगी कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर चाहे वह स्कूली हो या फिर उच्च शिक्षा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लाने की कोशिश होगी। यह कहना है छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का जिन्होंने शुक्रवार देश शाम विभाग बटंवारे के बाद पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। विभाग मिलने के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए कहा की सभी मंत्रियों को उनकी योग्यता के हिसाब से विभाग दिए गए हैं। निश्चित रूप से भाजपा सरकार अच्छा प्रदर्शन करेगी और छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में काम करेगी। श्री अग्रवाल ने कहा की छत्तीसगढ़ में करीब 8 लाख सरकारी कर्मचारी है उनमें से लगभग चार लाख कर्मचारी अकेले स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा में काम कर रहे है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने मुझे एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने मोदी की नई शिक्षा नीति को राज्य में लागू करने

की जिम्मेदारी दी है हमारी कोशिश होगी कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर स्थान दिलाया जाए ऐसी शिक्षा जिससे छत्तीसगढ़ के बच्चों का बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके। बृजमोहन अग्रवाल को उच्च शिक्षा स्कूली शिक्षा के साथ ही पर्यटन, धर्मस्थ और संस्कृति विभाग की भी जिम्मेदारी गई है। जिस पर श्री अग्रवाल का कहना है कि पर्यटन धर्मस्थ और संस्कृति के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पहचान पूरे देश और दुनिया में बनाने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा है कि राजिम कुंभ को पहले से ज्यादा बेहतर और भव्य रूप में फिर से शुरू किया जाएगा।

पश्चिमी विक्षोभ ने बदली हवा की दिशा, छग में ठंड से राहत

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है और पूर्व से आने वाली हवाओं में नमी की मात्रा ज्यादा है। इसके चलते आने वाले दिनों में भी न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

आने वाले पांच से छह जनवरी तक मौसम का मिजाज ऐसे ही रह सकता है। शनिवार 30 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू होगी और पांच जनवरी तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना है। उसके बाद सात जनवरी से न्यूनतम तापमान में गिरावट आने और ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

मौसम का हाल जानिए अपडेट

गुरुवार को रायपुर सहित प्रदेश का मौसम शुष्क रहा। हवा में आ रही नमी के चलते सुबह के साथ ही रात में भी ठंडकता थोड़ी बढ़ी है। इन दिनों गर्म कपड़ों के

स्टालों में ग्राहकों की भीड़ के साथ ही लोगों को अलाव तापते भी देखा जा सकता है। गुरुवार को रायपुर का न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। प्रदेश में अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा,यहां का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है और हवा में नमी की मात्रा ज्यादा आ रही है। हवा की दिशा अभी पूर्वी ही रहने की संभावना है। इसके चलते न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है।

मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि नए साल के पहले ही दिन यानि एक जनवरी को सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में बारिश के आसार है। इसके साथ ही रायपुर, बस्तर, दुर्ग व बिलासपुर संभाग में बादल छाए रहने की उम्मीद है। विभाग का कहना है कि इसकी वजह से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

बीमारी के उपचार का झांसा देकर ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के कोतवाली और टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग लोगों को उनकी बीमारी का उपचार करने का झांसा देकर सम्मोहन (हिप्नोटाइज) कर ठगी की गई। इस मामले में पुलिस ने एक संदेही को हिरासत में लिया है। साथ ही ठगी के लगभग दो लाख रुपये बरामद किए गए हैं। वहीं, घटना में शामिल अन्य ठगों की पुलिस तलाश कर रही है। ये बुजुर्ग और महिलाओं को उनकी बीमारी ठीक करने का झांसा देकर ठगी करते थे।

पुलिस ने गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में राजस्थान से आकर रह रहे आरके पठान उर्फ सलाउद्दीन को हिरासत में लिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले 80 वर्षीय बुजुर्ग रामगोपाल ब्यास के मुताबिक मंगलवार को वह सुबह सब्जी खरीदने शास्त्री बाजार गए थे।

वापसी के दौरान एक लड़का

15 जनवरी तक विलंब शुल्क के साथ जमा होंगे ओपन स्कूल के आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित मुख्य एवं अवसर परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 है। इस निर्धारित तिथि के पश्चात 01 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक 500 रूपए विलंब शुल्क के साथ छात्र-छात्राएं परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। छात्र प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केन्द्र में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं और अपने समीपस्थ अध्ययन केन्द्रों में बिना विलंब शुल्क के 31 दिसम्बर 2023 तक जमा कर सकते हैं। अध्ययन केन्द्रों की सूची कार्यालयीन वेबसाईट https:// www.sos.cg.nic.in/ में उपलब्ध है। इसके साथ ही राज्य कार्यालय की पोर्टल में जाकर छात्र इस वर्ष से ऑनलाईन प्रवेश आवेदन भर सकते हैं तथा आवश्यक दस्तावेजों के अपलोड कर भुगतान कर सकते हैं। पूर्ण भरे हुए ऑनलाईन आवेदन फॉर्म एवं संलग्न दस्तावेजों का प्रिन्ट आउट ले जाकर अपने चयनित अध्ययन केन्द्र में जाकर दस्तावेजों का सत्यापन कराए। दस्तावेज एवं शुल्क की पावती अध्ययन केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं।

दर्श चौधरी बने ताइक्कांडो चैम्पियन

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजकमल सिंघानिया के नाती दर्श चौधरी उम्र 10 वर्ष ने विगत दिनों बेंगलुरू में आयोजित 38 वी नैशनल ताइक्कांडो चैम्पियनशिप (itf) 2023 के फाइनल में गोल्ड मेडल जीता कर कम उम्र के बच्चों की प्रतियोगिता में जीत दर्ज करायी है। देश के ख्यातिनाम कोच मृत्युंजय राय ने बताया कि दर्श चौधरी 7 साल की उम्र से ही ताइक्कांडो खेल के प्रति अपनी लगन जाहिर कर दी थी वे स्कूल

के अलावा स्टेट चैम्पियनशिप मे भाग लेते रहे और कड़े परिश्रम के चलते दर्श चौधरी ने ये मुकाम हासिल किया है निश्चित ही दर्श चौधरी एशियन गेम्स, ऑलंपिक खेल मे भी भाग लेंगे जिसकी संभावना साफ दिखाई देती हैं।

उल्लेखनीय है कि बेंगलुरु में आयोजित ताइक्कांडो प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें दर्श चौधरी ने हर क्वालीफाई राउंड मे अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को पछाड़ कर ये मुकाम हासिल किया है. दर्श चौधरी lamartiniere boys स्कूल कोलकाता के 5 वी कक्षा के छात्र हैं।

प्रापर्टी डीलर के घर चोरी कर खरीदा गाड़ी और गृहस्थी का सामान, पति-पत्नी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रापर्टी डीलर के घर 30 लाख के जेवर और नकदी चोरी करने वालो आरोपित पति-पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित अविनाश गिरी गोस्वामी और उसकी पत्नी बिंदिया गोस्वामी उर्फ बिंदी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित अविनाश गिरी गोस्वामी थाना कोतवाली जिला महासमुंद का हिस्ट्रीशीटर है। 10 दिन पहले ही चोरी के मामले से जेल से छूट कर आया था। आरोपित की पत्नी बिंदिया प्रापर्टी डीलर के घर बाई का काम करती थी।

आरोपित यहां से चोरी करने के बाद फरार हो गए थे। उन्हें कांकेर से गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से चोरी की नकदी रकम 11 लाख 69 रुपये, सोने के ब्रेसलेट, तीन घड़ी और चोरी के पैसों से क्रय किया गया सोने के जेवरात, एक दोपहिया वाहन, आलमारी, पलंग, फ्रीज, वाशिंग मशीन, गद्दा, मिक्सी, पंखा, टीवी, होम थियेटर एवं अन्य सामान जब्त किया गया है। सिविल लाइन थाने में प्रार्थी दीपक गाइन ने 23 दिसंबर को चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। वे न्यू शांति नगर गली नंबर 02 सिविल लाइन में रहता हैं और प्रापर्टी डीलिंग, मछली पालन एवं सब्जी का व्यवसाय करते हैं। प्रार्थी का दो मंजिला मकान है, जिसमें प्रार्थी अपने परिवार के साथ ऊपर रहता है। नीचे उसका आफिस है। प्रार्थी के साथ उसका भतीजा पिंटू गाइन भी रहता है। प्रार्थी के घर में तीन मेड काम करते हैं। घटना की रात 11.15 बजे के आस-पास प्रार्थी घर में था उसी समय मकान में धुंआ फैल रहा था। नीचे प्रथम तल में जाकर देखा तो आफिस का ताला टूटा हुआ था। प्रार्थी कमरे में जाकर देखा तो आग जल रही थी आफिस की आलमारी का लाकर टूटा हुआ था, कम्प्यूटर, हार्ड डिस्क एवं कैमरा का पाइंट एवं अन्य दस्तावेज जल गए थे। दूसरे कमरे में जाकर देखा तो वहां रखा आलमारी का ताला टूटा हुआ था। आलमारी में रखी नकदी रकम, सोने की चैन, एक सोने का ब्रेसलेट, दो चांदी का सिक्का और कमरे में रखा एक नग मोबाईल फोन नहीं था। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दोनों को गिरफ्तार किया।

माशिमं ने ग्रेस मार्क्स को लेकर बदले नियम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अब विभिन्न विषयों के कुल पूर्णांक के आधार पर कृपांक (ग्रेस) तय कर दिए हैं। अभी तक अधिकतम 20 अंक का कृपांक दिया जाता रहा है, मगर वह कुल पूर्णांक में कितना होगा, यह अभी तय किया गया है। माशिमं ने 30 जून 2018 में बनाई गई कृपांक अंक देने की नीति में संशोधन किया है। माशिमं के सचिव प्रोफेसर वीके गोयल ने बताया कि इसके अनुसार अब अधिकतम 20 अंक तक कृपांक दिए जाएंगे। अधिकतम तीन विषयों में कृपांक दिया जा सकेगा। इससे अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने पर कृपांक का लाभ नहीं दिया जाएगा। किसी भी विषय में कुल अंकों का अधिकतम 10 प्रतिशत अंक ही कृपांक दिया जाएगा। इसके अनुसार यदि किसी सैद्धांतिक प्रश्न पत्र में 100 अंक हैं तो उसमें 10 अंक कृपांक मिलेगा।

अब ऐसे मिलेंगे अंक

80 और 75 अंकों के सैद्धांतिक प्रश्नपत्र में अधिकतम आठ अंक, 70 अंकों वाले पेपर में सात अंक, 30 और 25 अंकों के सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रश्न पत्र में अधिकतम तीन अंक दिए जाएंगे। 20 अंकों के प्रायोजना प्रश्न पत्र में अधिकतम दो अंक कृपांक के रूप में दिए जा सकेंगे। यह कृपांक नीति माध्यमिक शिक्षा मंडल से होने वाली सभी परीक्षाओं में लागू होगी।

इतने विद्यार्थियों को होगा फायदा

10वीं में तीन लाख 47 हजार और 12वीं में दो लाख 62 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इन बच्चों को आवश्यकता पड़ने पर कृपांक का लाभ मिल पाएगा। बता दें कि माशिमं ने 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए समय-सारिणी घोषित कर दी है। 12वीं की परीक्षा एक मार्च और 10वीं की परीक्षा दो मार्च से शुरू होगी। 10वीं की परीक्षा दो मार्च से शुरू होकर 21 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा एक मार्च से शुरू होकर 23 मार्च तक चलेगी। सुबह 9:00 से दोपहर 12:15 तक परीक्षा चलेगी। प्रायोगिक परीक्षाएं जनवरी में ही स्कूल स्तर पर आयोजित की जाएंगी।

अतिरिक्त विषयों में नहीं मिल पाएगा कृपांक

जारी नीति के अनुसार कृपांक सिर्फ नियमित विषयों में ही दिया जाएगा। यदि कोई छात्र अतिरिक्त विषय लेता है और उसमें अनुत्तीर्ण हो रहा तो भी उसे अतिरिक्त विषयों में कृपांक का लाभ नहीं दिया जाएगा। अभी तक यह अन्य विषयों पर भी दिया जाता रहा है। अब यह सुविधा सिर्फ नियमित विषयों में ही मिल पाएगी। पुरानी नीति में कृपांक के तहत दिए जा रहे अंकों के मापदंड में आंशिक संशोधन किया गया है, ताकि छात्रों को उसका सही तरीके से लाभ मिल सके। इसे ध्यान में रखते हुए नई कृपांक नीति बनाई गई है।

2023 में इन स्टार खिलाड़ियों ने लिया संन्यास

नई दिल्ली। क्रिकेट की दुनिया में साल 2023 में काफी चहल-पहल रही। इस साल भारत में वर्ल्ड कप 2023 का आयोजन हुआ, वहीं वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण का भी समापन हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों ही खिताबों पर अपना कब्जा जमाकर दुनिया को एक बार फिर बताया कि क्यों वह पिछले लंबे समय से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। इसके अलावा सालभर में कई विवाद हुए, वहीं कई स्टार खिलाड़ियों ने रिटायरमेंट लेकर अपने इंटरनेशनल करियर का भी अंत किया। आज हम आपको इन्हीं खिलाड़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं जो 2023 में रिटायर हुए।

स्टूअर्ट और डी कॉक रहे बड़े नाम

इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने एशेज 2023 के रूप में अपनी आखिरी इंटरनेशनल सीरीज खेली। इस सीरीज के शुरू होने से पहले ही इस दिग्गज खिलाड़ी ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। ब्रॉड के करियर की शुरुआत तो युवराज सिंह से 6 छक्के खाकर हुई थी, मगर करियर के अंत में उन्होंने दुनिया को अपना लोहा मनवाया।

वहीं साउथ अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने भी वर्ल्ड कप 2023 के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 31 साल का यह खिलाड़ी है पहले ही टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुका है। डी कॉक अब साउथ अफ्रीका के लिए सिर्फ टी20 क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। डी कॉक ने भी अपने वनडे करियर का अंत शानदार अंदाज में किया। वह वर्ल्ड कप 2023 में 594 रनों के साथ साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

भारत के 3 खिलाड़ियों ने लिया संन्यास

सबसे पहले बात भारतीय खिलाड़ियों के संन्यास की करते हैं। इस साल कुल 3 इंडियन क्रिकेटरों ने अपने संन्यास का ऐलान किया। लिस्ट में 2007 टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम के खिलाड़ी जोगिंदर शर्मा का भी नाम शामिल है। जी हां, जोगिंदर ने वर्ल्ड कप 2007 के बाद भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला, मगर 2011 तक वह आईपीएल खेलते रहे। इस साल 3 फरवरी को उन्होंने सभी फॉर्मेट से अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया।

जोगिंदर शर्मा के अलावा इस लिस्ट में भारत के टेस्ट स्पेशलिस्ट मुरली विजय का नाम भी शामिल है। 61 टेस्ट में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने वाले विजय ने इस साल 30 जनवरी को अपने संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने भारत के लिए आखिरी मैच 2018 में खेला था।

लिस्ट में तीसरा नाम मनोज तिवारी का है। 3 अगस्त को इस खिलाड़ी ने जरूर सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था, मगर एक हफ्ते में ही उन्होंने यू टर्न लिया और 8 अगस्त को ऐलान किया कि वह आखिरी बार रणजी ट्रॉफी में अपनी टीम को जिताने की कोशिश करना चाहते हैं।

श्रीलंका क्रिकेट में हुए बड़े बदलाव

वानिंदु हसरंगा टी20 और कुसल मेंडिस वनडे टीम के कप्तान बने

नई दिल्ली। श्रीलंका ने शनिवार (30 दिसंबर) को जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है, जिसमें लीडरशिप में कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा टी20 टीम के नए कप्तान नियुक्त किए गए हैं, जबकि कुसल मेंडिस वनडे टीम का नेतृत्व करेंगे। अनुभवी बल्लेबाज चरिथ अलसंका को दोनों फॉर्मेट का उप कप्तान बनाया गया है। वानिंदु हसरंगा लंबे समय बाद टीम में वापसी कर रहे हैं और चोट के बाद एक नई जिम्मेदारी निभाते हुए नजर आएंगे।

वानिंदु हसरंगा को अगस्त में लंका प्रीमियर लीग के दौरान चोट लगी थी, जिसके कारण वह कई अहम टूर्नामेंट से बाहर रहे।

श्रीलंका क्रिकेट ने ट्वीट करके लिखा, ''श्रीलंका क्रिकेट ने जिम्बाब्वे के श्रीलंका दौरे के लिए प्रारंभिक टीमों की घोषणा की। वनडे कप्तान : कुसल मेंडिस, उप कप्तान चरिथ असलंका, टी20 कप्तान :वानिंदु हसरंगा, उप कप्तानः चरिथ असलंका।''

हसरंगा ने दसुन शनाका की जगह टी20 टीम की कमान संभाली है, जो आगामी सीरीज के लिए टीम में मौजूद हैं। तीन मैचों की वनडे सीरीज 6-11 जनवरी तक होगी, जबकि तीन मैचों की टी20 सीरीज 14-18 जनवरी तक होनी है।

मेंडिस को भारत में खेले गए वनडे विश्व कप के दौरान टीम की कमान मिली थी, क्योंकि नियमित कप्तान दसुन शनाका चोटिल हो गए थे। वनडे विश्व कप में श्रीलंका का प्रदर्शन निराशाजनक था। टीम ने नौ मैचों में से सिर्फ दो में जीत हासिल की थी।

प्रारंभिक एकदिवसीय टीमः कुसल मेंडिस (कप्तान), चैरिथ असलांका (उप-कप्तान), पथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समाराविक्रमा, सहान अराचिगे, नुवानिदु फर्नांडो, दासुन शनाका, कामिंडु मेंडिस, चमिका करुणारत्ने, जेनिथ लियानगे, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दिलशान मदुशंका, दुशमंथा चमीरा, डुनिथ वेलालेज, प्रमोद मदुशन, असिथा फर्नांडो, अकिला धनंजय, जेफरी वेंडरसे, चमिका गुणसेकेरा।

प्रारंभिक टी20 टीमः वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चैरिथ असलांका (उप-कप्तान), पथुम निसानाका, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, दासुन शनाका, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डी सिल्वा, महीश थीक्षाना, कुसल जेनिथ परेरा, भानुका राजपक्षे, कामिंडु मेंडिस, डुनिथ वेललागे , अकिला धनंजय, जेफरी वांडरसे, चमिका करुणारत्ने, दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, प्रमोद मदुशन, मथीशा पथिराना।

खिलाड़ियों की जर्सी पर सऊदी को मंजूर नहीं, तुर्की के सबसे बड़े हीरो की तस्वीर...

कैंसिल करवा दिया फुटबॉल का फाइनल मैच

नई दिल्ली। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में शुक्रवार को गैलाटसराय और फेनरबाश के बीच खेला जाने वाला टर्किश सुपर कप फाइनल स्थगित कर दिया गया. दरअसल यह पूरा माजरा राजनीतकि नारे वाली टीशर्ट पहनने को लेकर सामने आया. एक क्लब के खलिाड़ी चाहते थे कि वो राजनैतकि नारेबाजी वाली टीशर्ट पहनें.

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस्तांबुल की इन दो टीमों की इच्छा थी कि वे शाम के किक-ऑफ से पहले वार्म-अप के दौरान आधुनिक तुर्की के संस्थापक मुस्तफा कमाल अतातुर्क की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनें.

वहीं तुर्की मीडिया की रिपोर्ट में बताया गया है सऊदी अधिकारियों ने इस मांग को

अस्वीकार कर दिया. हालांकि यह बात स्पष्ट नहीं हो पाई कि ऐसा क्यों हुआ है. जिसके बाद इन फुटबॉल क्लबों ने अल-अव्वल पार्क स्टेडियम (किंग सऊद यूनिवर्सिटी) में सुपर कप फाइनल में खेलने से इनकार कर दिया.

क्यों हुआ फुटबॉल मैच कैंसलि, जानें वजह : सऊदी स्टेट टीवी ने रियाद सीजन के आयोजकों के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि फाइनल को रद्द करना टीमों द्वारा मैच नियमों का पालन नहीं करने के कारण हुआ.

इस बयान में कहा गया, 'इंटरनेशनल फुटबॉल रूल्स के अनुसार मैच को समय पर आयोजित करने की उम्मीद कर रहे थे, जिसमें किसी भी तरह के नारेबाजी की मनाही है, जबकि इसके बारे में तुर्की फुटबॉल महासंघ के साथ चर्चा की गई थी.' बयान में आगे कहा गया कि इस एग्रीमेंट (समझौते) के बावजूद, दोनों टीमों ने इसका पालन नहीं किया, जिसके कारण मैच नहीं हो सका.

फुटबॉल क्लब की भी आई सफाई – दोनों टीमों और तुर्की फुटबॉल फेडरेशन (TFF) की भी इस मामले में सफाई आई. एक संयुक्त बयान में ङ्क (पूर्व में ट्वटिर) पर कहा गया कि एक संयुक्त निर्णय के परिणामस्वरूप फाइनल को कुछ दिक्कतों के कारण बाद की तारीख के लिए स्थगित कर दिया गया है.

'सलार' हिंदी में पहुंची 100 करोड़ पार

नई दिल्ली। पिछले हफ्ते थिएटर्स में पहुंची सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'सलार' जनता को एक्शन एंटरटेनमेंट का धमाकेदार डोज दे रही है. पहले ही दिन इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली इंडियन फिल्म बन चुकी 'सलार' अभी भी थिएटर्स में दर्शकों का दिल जीत रही है. अपने दूसरे शुक्रवार को भी प्रभास की फिल्म थिएटर्स में सॉलिड कमाई के साथ डटी रही.

'सलार' का नेट इंडिया कलेक्शन तो तेजी से आगे बढ़ ही रहा है, मगर हिंदी वर्जन में फिल्म की कामयाबी बहुत तगड़ी है. प्रभास की फिल्म, शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' के एक दिन बाद रिलीज हुई. इतनी बड़ी फिल्म के पहले से थिएटर्स में होने की वजह से 'सलार' को शुरुआत में स्क्रीन मिलने में थोड़ी दिक्कत तो आई. लेकिन पहले ही दिन से प्रभास का स्टारडम हिंदी जनता को भी क्लीन

बोल्ड कर रहा है.

'सलार' का दूसरा शुक्रवार, कमाई अब भी दमदार

प्रभास की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहला हफ्ता गुरुवार को पूरा किया. एक हफ्ते में फिल्म का नेट इंडिया कलेक्शन 308 करोड़ रुपये से ज्यादा पहुंच गया. इसमें सबसे बड़ा शेयर फिल्म के ऑरिजिनल तेलुगू वर्जन का रहा. प्रभास की अपनी तेलुगू ऑडियंस हमेशा उन्हें तगड़ा सपोर्ट करती है. 'सलार' ने तेलुगू में 186 करोड़ कमाए, जबकि हिंदी में फिल्म ने 7 दिन में 92 करोड़ रुपये कमा लिए.

रिपोर्ट्स बताती हैं कि दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 10 करोड़ रुपये से ज्यादा नेट कलेक्शन किया है. 8 दिन में 'सलार' ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर करीब 318 करोड़ रुपये का बेहतरीन नेट कलेक्शन किया है.

प्रभास का हिंदी में भौकाल

ट्रेड एनालिस्ट निशित शॉ ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि शुक्रवार को 'सलार' ने हिंदी वर्जन से 100 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया है. दोनों 'बाहुबली' फिल्मों, 'साहो' और 'आदिपुरुष' के बाद ये प्रभास की पांचवीं फिल्म है जिसने हिंदी में 100 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है. प्रभास अकेले साउथ के एक्टर हैं जिनकी एक से ज्यादा फिल्मों ने हिंदी में 100 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. यश, रजनीकांत, अल्लू अर्जुन, जूनियर एनटीआर-राम चरण के पास एक-एक ही फिल्में हैं जिन्होंने हिंदी में 100 करोड़ रुपये कमाए हैं.

फैमिली ऑडियंस को लगातार थिएटर्स में खींच रही शाहरुख खान की 'डंकी'

नई दिल्ली। सुपरस्टार शाहरुख खान और डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की जोड़ी थिएटर्स में कमाल कर रही है. हिरानी की हलके मूड वाली कॉमेडी और कहानी की इमोशनल गहराई जनता को खूब पसंद आ रहे हैं. शाहरुख के साथ फिल्म में तापसी पन्नू, अनिल ग्रोवर और विक्रम कोचर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. साथ ही विक्की कौशल एक बहुत खास स्पेशल अपीयरेंस में नजर आ रहे हैं. 'डंकी' में इन सभी एक्टर्स के काम की बहुत तारीफहो रही है. पिछले हफ्ते गुरुवार को थिएटर्स में रिलीज हुई 'डंकी' ने पहले ही दिन से अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करानी शुरू कर दी थी. पहले दिन ही लगभग 30 करोड़ की कमाई के साथ शुरुआत करने वाली शाहरुख की फिल्म, लगातार सॉलिड कमाई के साथ थिएटर्स में टिकी हुई है.

न्यू ईयर पर धमाके के लिए तैयार

बड़े जंप के लिए तैयार

न्यू ईयर का वीकेंड शुरू हो चुका है. शनिवार-रविवार को जनता सेलेब्रेशन के मूड में थिएटर्स का रुख करेगी और शाहरुख की फिल्म फैमिली के साथ थिएटर जाने के ली एक अच्छी कहानी लेकर आई है. फिल्म के इमोशंस, साफ सुथरी कहानी जनता को अपील तो कर ही रही है. न्यू ईयर वीकेंड में फिल्म की कमाई एक सॉलिड जंप के लिए तैयार नजर आ रही है.

बंद हो रहे देश के रईसजादों के विदेशी बैंक अकाउंट

आरबीआई की सख्ती ने बढ़ाई टेंशन

नई दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व बैंक द्वारा लगाए गए सख्त नियमों के अलावा हाई मिनिमम बैलेंस की जरूरत के कारण कई इंटरनेशनल बैंक अमीर भारतीयों के खाते बंद कर रहे हैं। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीनों में दो दर्जन से ज्यादा हाई-नेटवर्थ इंडिविजुअल्स के इंटरनेशनल बैंक अकाउंट बंद कर दिए गए हैं। ये कार्रवाई दो ब्रिटिश बैंकों, एक स्विस बैंक और एक प्रमुख एमिरेट्स लेंडर की ओर से की गई है।

भारत के इन अमीरों ने आरबीआई की उदारीकृत प्रेषण योजना (रुक्स) के तहत विदेशों में पैसे ट्रांसफर करके बैंक अकाउंट खोले थे। इसके तहत एक स्थानीय व्यक्ति को स्टॉक, संपत्तियों आदि के जरिए प्रति वर्ष 2,50,000 डॉलर तक निवेश करने की अनुमति मिलती है। कुछ बड़े इंटरनेशनल बैंकों में मिनिमम बैलेंस कम से कम 1 मिलियन डॉलर रखने की जरूरत होती है। जिन हाई-नेटवर्थ इंडिविजुअल्स के अकाउंट में मिनिमम बैलेंस नहीं होता है, ऐसी परिस्थिति में बैंक स्टॉक और लोन में निवेश के लिए बैंक की वेल्थ मैनेजमेंट सेवा का उपयोग करने का सुझाव देते हैं। चूंकि बैंक ऐसे निवेशों से मुनाफा कमाता है, इसलिए अकाउंट में मिनिमम बैलेंस कम होने पर भी वह ग्राहक को बनाए रखना चाहता है।

इंटरनेशनल बैंक अकाउंट्स बंद होने पर सीए फर्म जयंतीलाल ठक्कर एंड कंपनी के पार्टनर राजेश पी शाह ने कहा, ''इस तरह के ईमेल प्राप्त करने वाले पक्षों को तुरंत पैसे भेजकर नियमों का पालन करना चाहिए।''

रिजर्व बैंक के नियम का भी पेच

इसमें पेच रिजर्व बैंक के नियम का भी है। रिजर्व बैंक के नियम के मुताबिक 180 दिनों के भीतर किसी इंटरनेशनल बैंक अकाउंट में पड़े निष्क्रिय पैसे को निवेश किया जाए या वापस लाया जाए। सिंगापुर के एक बैंक ने हाल ही में भारत में अपने कुछ ग्राहकों से संपर्क किया और उनसे पैसा निवेश करने के लिए कहा क्योंकि निष्क्रिय पैसे भारतीय नियमों का उल्लंघन हो सकता है।

प्रथम पेज कर शेष

एमपी में मंत्रियों को विभागों

सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखा है।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) को इन विभागों का जिम्मा

कृष्णा गौर - पिछ?ा वर्ग एंव अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमंतु और अर्धघुमंतु कल्याण

धर्मेंद्र लोधी - संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास

दिलीप जायसवाल - कुटीर एवं ग्रामोद्योग

गौतम टेटवाल - तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार

लखन पटेल - पशुपालन एवं डेयरी

नारायण सिंह पंवार - मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग

राज्य मंत्री को इन विभागों का प्रभार

नरेंद्र शिवाजी पटेल - लोक स्वास्थ्य एवं परिवाण कल्याण

प्रतिमा बागरी - नगरीय विकास एवं आवास

दिलीप अहिरवार - वन एवं पर्यावरण

राधा सिंह - पंचायत एवं ग्रामीण विकास

डॉ. मोहन के पास गृह, शिवराज के पास कभी नहीं रहा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सामान्य प्रशासन, गृह, जेल, उद्योग नीति एवं निवेश, जनसंपर्क और खनिज जैसे अहम विभाग अपने पास रखे हैं। जबकि पिछली सरकार में शिवराज सिंह के पास सीएम पद से इस्तीफा देने से पहले तक सामान्य प्रशासन, जनसंपर्क, महिला एवं बाल विकास, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, आनंद और विमानन विभाग था।

पूर्व की शिवराज सरकार के 3 मंत्रियों को वही विभाग

तुलसी सिलावट को जल संसाधन, प्रद्युम्न सिंह तोमर को ऊर्जा और जगदीश देवड़ा को वित्त एवं वाणिज्यिक कर विभाग दिया गया है। पूर्व की शिवराज सरकार में इन तीनों ही मंत्रियों के पास यही विभाग थे।

जबकि विश्वास सारंग को खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता विभाग दिया गया है। पिछली सरकार में उनके पास चिकित्सा शिक्षा विभाग था। विजय शाह को जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी- राहत एवं पुनर्वास दिया गया है। पिछली सरकार में ये वन मंत्री थे। गोविंद सिंह राजपूत को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण का प्रभार दिया गया है। पिछली सरकार में वे परिवहन और राजस्व मंत्री थे। इंदर सिंह परमार को उच्च शिक्षा, आयुष, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास विभाग दिया गया है। पिछली सरकार में वे स्कूल शिक्षा मंत्री थे।

आने वाले 5 साल सभी डट कर काम करेंगे- मुख्यमंत्री

खंडवा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 28 मंत्रियों को अलग-अलग विभागों की जवाबदारी दी गई है। सभी के काम का विभाजन कर दिया गया है। आने वाले 5 साल सभी डट कर काम करेंगे और प्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।

भगवान श्रीराम के ननिहाल...

जिम्मेदारी है कि भगवान की जन्मभूमि में हो रहे भव्य आयोजन में कोई कमी ना रहे। छत्तीसगढ़ में मिलने वाले सबसे अच्छे किस्म के चावल को भगवान राम के लिए भेजा गया है।

राजस्थान में 22 मंत्री ...

गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो डिप्टी सीएम को मिलाकर अब सरकार के मंत्रियों की संख्या 25 हो गई है। राजस्थान में कोटे के हिसाब से 30 मंत्री बन सकते हैं, अब 5 मंत्रियों की जगह खाली है। जिन 22 विधायकों ने शपथ ली है, उनमें 17 पहली बार मंत्री बने हैं। इसके साथ ही डिप्टी सीएम दीया कुमारी सहित भजनलाल सरकार में 2 विधायकों को ही जगह मिली है।

रेल किराया बढ़ा, प्लेटफॉर्म ...

मन क्यों नहीं बन पा रहा है। आप एमपी हो। आप मुझे हिंट दे रहे हो। मन क्यों नहीं बन पा रहा है। कांग्रेस ने अपना स्थापना दिवस इस बार नागपुर में मनाया। नागपुर में आरएसएस का मुख्यालय है। राहुल और खड़गे के भाषणों में आरएसएस और भाजपा निशाने पर रही।

भगवान राम को अपना ...

भाजपा के कार्यक्रम में क्यों जाना चाहिए? यह कोई राष्ट्रीय कार्यक्रम नहीं है।

साक्षी मलिक और ...

और डेफ लंपिक्स के चैंपियन वीरेंदर सिंह यादव भी अपने-अपने पद्मश्री पुरस्कार लौटा चुके हैं।

युवा खिलाड़ी सपने...

पंकज राव जी ने यहां खेलने के लिए कहा और यहां आने पर मुझे बहुत अच्छा साथ एवं सहयोग मिला।

सवाल : आप कई वर्षों तक मुम्बई में रहे और खेले हैं। वहां के क्रिकेटिंग कल्चर में खड़ूस शब्द बहुत सुनाई देता है। यह क्या है इस पर बताएँ।

जवाब : आप सभी को यह जानकारी होगी कि मुंबई में लाइफकितनी तेज है। यहां अधिकतर बच्चे सुबह 5 बजे उठते हैं और तैयार होकर लोकल ट्रेन से सफर करके 7 बजे मैदान पहुचते हैं। 10 से 11 तक वे मैच खेलते हैं या प्रैक्टिस करते हैं। फिर वापस लौटकर 2 बजे से 5 बजे तक खेलते हैं और इस प्रैक्टिस के बीच जो आने जाने में समय व्यतीत होता है या ये कहें कि संघर्षपूर्ण समय होता है, तो एक सोच बनती है कि जब इतना ज्यादा संघर्ष कर रहे हैं तो मैदान में अच्छा करना ही चाहिए। इससे यह एक कल्चर बनता है। ऐसे लोगों को खड़ूस क्रिकेटर कहा जाता है।

सवाल : पहली बार आईपीएल में 2017 में दिल्ली डेयरडेविल्स और 2019-2020 में राजस्थान की टीम में अनुभवी और दिग्गज खिलाड़ियो के साथ आपको ड्रेसिंग रूम शेयर करने का मौका मिला। बहुत से वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी साथ थे। आपको कैसा अनुभव मिला?

जवाब : 2017 में जब दिल्ली के लिए चयन हुआ, तब मेरी उम्र 23 वर्ष थी। मैं चयन को लेकर काफी उत्साहित था। टीम के कोच राहुल द्रविड़ थे और टीम में जहीर खान, एंजेलो मैथ्यूज सरीखे खिलाड़ी थे जिन्हें पहले टीवी में ही देखा था। तब उनको देख के खुशी होती थी और ये फीलिंग थी कि अगर खेलने मिल जाये तो अच्छा होगा वरना इन सीनियर खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने मिलेगा। मैं उस सत्र में टीम में होने का आनंद ले रहा था और द्रविड़ सर से बहुत बातें करता था। उनके अनुभव सुनता था और नेट प्रैक्टिस करता था। मेरे में मुख्य बदलाव तब आया, जब मैं 2019 में राजस्थान रॉयल्स के लिए चुना गया। उस समय मैं पहले की तुलना में परिपक्व हो चुका था। ड्रेसिंग रूम में स्टीव स्मिथ, जोस बटलर और बेन स्टोक्स जैसे क्रिकेटरों का साथ मिला। उनसे मैंने ये सीखा कि वे क्रिकेट को ज्यादा इमोशनली नही लेते। उनकी तुलना में हम भारतीय लोग क्रिकेट को लेकर बहुत इमोशनल हैं और जीत और हार दोनों पर बहुत अधिक प्रतिक्रिया देते है। इन सीनियर

न्यूज गैलरी

डिप्टी कलेक्टर की 1.28 करोड़ की संपत्ति राजसात का आदेश

इंदौर/नवप्रदेश। भ्रष्टाचार कर आय से अधिक संपत्ति हासिल करने के एक मामले में स्पेशल कोर्ट ने शाजापुर के तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर, उनकी पत्नी, बेटियों व समधन की 1.28 करोड़ रु. की चल-अचल संपत्ति राजसात करने का आदेश दिया है। खास बात यह कि उक्त डिप्टी कलेक्टर का निधन हो चुका है।

मामला शाजापुर के तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर हुकुमचंद पिता केसरीमल सोनी (64) निवासी 674 वैशाली नगर मंगल कालोनी उज्जैन (वर्तमान में मृत), उनकी पत्नी सुषमा एवं बेटियां अंजली, सोनालिका, प्रीति, सरिता, प्रमिला (मृत) व रेखा वर्मा पति भरतकुमार वर्मा (सोनालिका की सास) व दामाद अजय वर्मा से जुड़ा हैं। अब इन सभी संपत्तियां राजसात की जानी है। कोर्ट ने इनकी चल-अचल संपत्तिया व बीमा पॉलिसियों से उक्त राशि वसूली के लिए कलेक्टर उज्जैन के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए टिप्पणी भी कि है कि भ्रष्टाचार समाज व परिवार के लिए खतरनाक है। यह भ्रष्ट आचरण प्रभावित व्यक्ति के जीवन पर्यंत व मृत्यु उपरांत भी उसके कार्यों से दिखाई देता है। ऐसा कृत्य निंदनीय होकर उदारता के योग्य नहीं होता है। जैसे मछली पानी में रहते हुए कब पानी पीती है या नहीं पीती है, इसका अंदाजा नही लगाया जा सकता। उसी प्रकार सरकारी सेवक सेवा के दौरान कब अपने पद का दुरूपयोग कर सकता है या नही इसका अंदाजा लगाना भी कठिन होता है।

भ्रष्टाचार कर आय से अधिक ऐसे हासिल की संपत्ति

लोक अभियोजक पद्मा जैन ने बताया कि लोकायुक्त संगठन उज्जैन 2011 में डिप्टी कलेक्टर हुकुमचंद सोनी के खिलाफ ष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था जो विचाराधीन है। इसमें सोनी द्वारा अर्जित 1.77 करोड़ रु. की राशि मध्यप्रदेश शासन के पक्ष में करने के लिए एक आवेदन पत्र धारा 13(1) के तहत स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। इस शिकायत का उज्जैन डीएसपी ओपी सागोरिया द्वारा सत्यापन कराया तो मामला सही पाया। इसमें पाया गया कि हुकुमचंद सोनी द्वारा अपने अधिकारों का अवैध लाभ अर्जित कर पत्नी व बेटियों के नाम पर मकान, प्लॉट, वाहन आदि खरीदकर लगातार भ्रष्टाचार किया गया। इस तरह अपने आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक की संपत्ति एकत्र की गई।

क्लर्क से डिप्टी कलेक्टर तक राजस्व विभाग में रहे

इसकी सूचना मुख्यालय भोपाल भेजकर स्पेशल कोर्ट शाजापुर से 20 जुलाई 2011 को सर्च वारंट प्राप्त कर छापा मारा गया। इसके साथ ही इन सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धाराओं में केस दर्ज कर मामला जांच में लिया गया। जांच में पता चला कि आरोपी हुकुमचंद सोनी के पहली नियुक्ति निम्न श्रेणी लिपिक के रूप में 19 नवम्बर 1975 को तराना में हुई थी। इसके बाद रिटायर्ड होने तक पदास्थापना उज्जैन के राजस्व विभाग मे अलग-अलग स्थानों पर रही। इसी कड़ी में विभागीय परीक्षा पास करने के बाद नायब तहसीलदार, तहसीलदार एवं डिप्टी कलेक्टर के पद पर प्रमोशन हुआ। इस अवधि के दौरान उनकी आय अपने स्त्रोतों से 356.96त्न ज्यादा पाई गई। मामले में उज्जैन लोकायुक्त ने विवेचना पूरी कर चालान कोर्ट में पेश किया। अभियोजन द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया कि प्रभावित व्यक्तिगण द्वारा अर्जित आय से अधिक संपत्ति 1.28 करोड़ रु. की चल- अचल संपत्ति मध्यप्रदेश शासन के पक्ष मे की जाए। इस पर कोर्ट ने उक्त आदेश जारी किया।

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने खुद को मारी गोली: टीकमगढ़ के जतारा में किया सुसाइड; पति का शव देखकर बेहोश हो गई पत्नी

टीकमगढ़/नवप्रदेश। टीकमगढ़ के जतारा में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने सुसाइड कर लिया। उन्होंने अपनी लाइसेंसी बंदूक से खुद के सिर में गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना शनिवार दोपहर करीब 1 बजे की है। डॉ. सुरेश शर्मा जतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ थे। घटना के वक्त वे घर पर अकेले थे। उनकी पत्नी स्कूल गई हुई थी। फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डॉ. सुरेश शर्मा ने किन कारणों से सुसाइड किया, यह अभी स्पष्ट नहीं है। शुरुआती जांच में पारिवारिक विवाद का मामला बताया जा रहा है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी का कहना है कि परिजनों से पूछताछ और जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

डॉ. सुरेश शर्मा की पत्नी प्रीति शर्मा जतारा के शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रिंसिपल हैं। घटना के दौरान वह अपने स्कूल में थी। जैसे ही पति के सुसाइड की खबर उन्हें लगी तो वह तुरंत घर आई। पति के शव को देखकर वह बेहोश हो गई।

डॉ. सुरेश शर्मा के परिवार में पत्नी के अलावा एक 22 वर्षीय बेटा है। वह देहरादून से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है, फिलहाल वह देहरादून में ही है। परिजनों ने उसे घर आने के लिए कॉल किया है।

गुना हादसे के बाद एक्शन मोड में जिला प्रशासन: एक दिन में 33 बसों पर 33 हजार 500 का जुर्माना

अशोकनगर/नवप्रदेश। गुना हादसे के बाद सड़कों पर दौड़ रही बसों की पुलिस प्रशासन के द्वारा संयुक्त चैकिंग कर कार्यवाही की जा रही है। शनिवार को जिले भर के कई स्थानों पर पुलिस प्रशासन की टीम ने कार्यवाही की। शहर की न्यू बस स्टैंड पर शाम के समय एसडीएम अनिल बनवारिया, एसडीओपी विवेक शर्मा, नायब तहसीलदार, कोतवाली थाना प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी एवं देहात थाना प्रभारी सत्येंद्र कुशवाह सहित पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्यवाही की। इस दौरान बस स्टैंड पर बसों में कई प्रकार की कमियां पाई जाने पर चालान बनाए गए।

एक दिन में 33 बसों पर बनाए चालान

27 दिसंबर को हुए हादसे के अगले दिन से ही बसों पर कार्रवाई चालू है। तीन दिन में पांच ऐसी बसें मिली है। जिनके पास बीमा फिटनेस सहित आवश्यक दस्तावेज न होने के कारण उन्हें जब्त कर लिया। इसके अलावा शनिवार शाम को जिले भर की पुलिस प्रशासन की टीम में चेकिंग के दौरान 33 बसों के चालान बनाए जिसमें 33 हजार 500 राशि वसूली गई है। अशोकनगर एसडीओपी विवेक शर्मा ने बताया कि आज बसों के फिटनेस, बीमा, परमिट, अग्निशमन यंत्र, वैलिडिटी, रजिस्ट्रेशन एवं बसों के चालकों के लाइसेंस चेक किए गए।

नसबंदी के दौरान महिला की मौत: परिजन ने इंदौर के डॉक्टर को पीटा, अस्पताल में तोड़फोड़ की

मनावर/नवप्रदेश। धार जिले के मनावर में नसबंदी के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात करीब 9 बजे की है। परिजन ने शनिवार को अस्पताल में हंगामा कर दिया। उन्होंने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मामला उमरबन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। शुक्रवार को यहां नसबंदी शिविर लगा था।

सीएमएचओ एनएस गेहलोद ने बताया ग्राम सुरानी की रहने वाली महिला लक्ष्मीबाई (27) की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन ने अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी। ऑपरेशन करने वाले इंदौर के एलएनटी डॉक्टर हेमंत कर्सल से मारपीट की।

हंगामा बढ़ता देख अस्पताल का स्टाफ भाग गया। पुलिस मौके पर पहुंची। तब जाकर मामला शांत हुआ। सीएमएचओ ने जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। आश्वासन के बाद परिजन शव के पोस्टमॉर्टम के लिए तैयार हुए।

ऑपरेशन टेबल पर हुई महिला की मौत

सीएमएचओ एनएस गेहलोद ने बताया, इंदौर के निजी अस्पताल करुणा मैटरनिटी नर्सिंग होम का अनुबंध सरकार से है। यहां के डॉक्टर बाकानेर और नालछा ब्लॉक में महीने में एक बार कैंप लगाकर ऑपरेशन करते हैं। शुक्रवार को 88 महिलाओं का ऑपरेशन किया गया। शिविर में आखिरी ऑपरेशन लक्ष्मीबाई बघेल का हो रहा था। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। मनावर सिविल अस्पताल में डॉक्टर पैनल डॉ. मोनिका चौहान, डॉ. सुनील कुरील और डॉ. वीरेन्द्र धारवे ने शव का पोस्टमॉर्टम किया।

भाई ने की डॉक्टरों पर एफआईआर की मांग

लक्ष्मी के भाई धर्मेंद्र चौहान ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों पर केस दर्ज करवाने की मांग की है। धर्मेंद्र ने बताया कि उमरबन के पास सुराणी में जीजा की छोटी किराना की दुकान है। बहन की शादी 2016 में हुई थी। उसके एक बेटा आयुष (2) और एक बेटी सोनाली (1) की है। दोनों बच्चे ऑपरेशन से हुए थे। शुक्रवार को ऑपरेशन के पहले बहन जीजा और घरवालों से बात कर रही थी। सोनाली को पास में बैठाकर खिला रही थी। उमरबन के शिविर में 88 महिलाओं के ऑपरेशन होने थे। लक्ष्मी का नंबर सबसे आखिरी था।

इंजेक्शन लगाने बाद बेहोश हुई महिला

महिला का ऑपरेशन करने वाले इंदौर के डॉक्टर हेमंत कंसल का कहना है कि वह 12 साल से नसबंदी का ऑपरेशन कर रहे हैं। महिला लक्ष्मीबाई बघेल की दो बार ऑपरेशन से डिलीवरी हुई थी। ऐसे में ऑपरेशन करने में रिस्क होती है। इसलिए महिला को आखिरी में बुलाया था। पहले महिला को इंजेक्शन लगाया तो उसने थोड़ी देर बाद आंखें बंद कर ली। काफी कोशिश के बाद भी उसको होश नहीं आया। उसके बाद मौत हो गई। परिजनों को जब इसका पता चला तो हंगामा हो गया था।

स्वास्थ्य केंद्र में नहीं है सुविधाएं

जनपद मुख्यालय उमरबन में करीब 4 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया गया था। इस भवन का डिजिटल लोकार्पण 6 मार्च 2023 को तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने किया था। उमरबन के आसपास करीब 30 ग्राम पंचायत जंगल में हैं। सीएचसी में लैब की सुविधा नहीं होने से मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। एक्स-रे, सोनोग्राफी, खून व पेशाब सहित अन्य बीमारियों के इलाज के लिए धामनोद, मनावर, बड़वानी, धार भेजा जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पोस्टमॉर्टम कक्ष भी नहीं है। परिजन को पोस्टमॉर्टम कराने 30 किलोमीटर दूर मनावर ले जाना पड़ता है। विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने कहा है कि हम पहले सरकार से मांग रखेंगे। सुनवाई नहीं होने पर धरना देंगे।

खंडवा में रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव: किशोरी का पैर कटा

खंडवा/नवप्रदेश। खंडवा में शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला है। धड़ से सिर और हाथ-पैर अलग थे। घायल हालत में एक किशोरी भी मिली। उसका दाहिना पैर कट गया है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुरुआती जांच में पुलिस प्रेम प्रसंग में ट्रेन के आगे आकर सुसाइड की कोशिश मान रही है। युवक की पहचान कुणाल वर्मा निवासी गणेश तलाई के रूप में हुई है। वह दो बहनों के बीच इकलौता भाई था।

घटना मथेला स्टेशन के पास सुबह 6 बजे की बताई जा रही है। लड़की नाबालिग है। शुक्रवार आधी रात से घर से गायब थी। परिजन गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने जाने की तैयारी में थे। सुबह 7 बजे उन्हें घटना की जानकारी मिली तो सीधा जिला अस्पताल पहुंचे।

युवक और लड़की दोनों घर से भागकर जा रहे थे। आशंका यह भी है कि चलती ट्रेन में चड़ने के दौरान हादसा हो सकता है या फिर क्रॉसिंग के दौरान घने कोहरे के बीच उन्हें ट्रेन नहीं दिखी। जानकारी के मुताबिक 16 वर्षीय लड़की 11वीं की छात्रा है। उसके

पिता पंडिताई करते हैं।

चाचा बोले- भतीजी को रात 12 बजे सुलाया था, सुबह नहीं मिली

लड़की के चाचा का कहना है कि भतीजी रात से गायब थी। मैं दवा लेने के लिए रात में 12 बजे उठा और पानी पीने गया तो वह भी पानी पी रही थी। मैंने उससे कहा कि काफी रात हो गई है, अब सो जाओ। फिर वो सो गई थी। सुबह 5 बजे बड़ी भतीजी सोकर उठी तो उसे वो नहीं दिखी। उसने मुझे जगाया, हमने सोचा कि आस-पास घूमने गई होगी, क्योंकि वह मार्निंग वॉक पर जाती थी। एक घंटे बाद ही जीआरपी पुलिस से फोन आया कि रेलवे ट्रैक पर भतीजी घायल पड़ी मिली है। आप जिला अस्पताल पहुंचो, हम लड़की को लेकर जिला अस्पताल आ रहे हैं।

हम लोग तत्काल जिला अस्पताल आए, यहां भतीजी का एक पैर धड़ से अलग देख हमारे होश उड़ गए। एक घंटे बाद भतीजी होश आया है। उसे हौसला देने की कोशिश कर रहे हैं।

फ्लिपकार्ट कंपनी में नौकरी करता था युवक

24 साल का कुणाल वर्मा शहर के गणेश तलाई क्षेत्र का रहने वाला है। फ्लिपकार्ट कंपनी के खंडवा स्थित ऑफिस में नौकरी करता था। परिवार में पिता और दो बड़ी बहनें हैं। पिता नारायण वर्मा एक निजी स्कूल की बस में हेल्परी करते हैं।

उन्नत गोपद पुल में 15 फरवरी तक आवागमन शुरू कराएं-उप मुख्यमंत्री शुक्ल

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्माणाधीन सीधी-सिंगरौली हाईवे का किया निरीक्षण

भोपाल/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शनिवार को निर्माणाधीन सीधी-सिंगरौली हाईवे का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीधी-सिंगरौली हाईवे इस क्षेत्र की जीवन रेखा है। हाईवे पर निर्मित गोपद पुल का निरीक्षण करते हुए उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सीधी की ओर लगभग 280 मीटर तथा सिंगरौली की ओर 100 मीटर पुल की एप्रोच रोड का कार्य एक माह में पूर्ण कर उन्नत गोपद पुल में 15 फरवरी से आवागमन शुरू करायें। शेष हाईवे का निर्माण भी वर्षा के पहले शुरू कराने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सीधी से सिंगरौली सड़क निर्माण कार्य की हर माह समीक्षा की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क मार्ग, रेल मार्ग और हवाई मार्ग महत्वपूर्ण

घटक हैं। इस दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इसका लाभ विन्ध्य क्षेत्र को भी मिला है। रीवा में उड़ान योजना से एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है, मार्च से हवाई सेवा भी शुरू हो जाएगी। रीवा और सीधी हाईवे में विश्वस्तरीय टनल का निर्माण किया गया है। इस कड़ी में ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन और सीधी-सिंगरौली हाईवे भी शामिल है जिनमें तेजी से कार्य किया जा रहा है। इन महत्वपूर्ण कार्यों पूरे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश के विकसित राज्यों में शामिल होगा।

क्षतिग्रस्त जोगदहा पुल मरम्मत कार्य 30 जून तक पूरा करें

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को जनता ने सोन नदी के जोगदहा पुल के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जोगदहा पुल की मरम्मत का कार्य 30 जून तक पूरा कराने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने सिहावल नवनिर्वाचित विधायक श्री विश्वामित्र पाठक के निज निवास देवसर में जाकर सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री को श्री पाठक ने क्षेत्र के विकास गतिविधियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों से अवगत कराया।

हमीदिया अस्पताल से भागा कैदी पकड़ाया: हाथ में दर्द की शिकायत पर लाया गया था

चकमा देकर भाग निकला; 16 गंभीर अपराध दर्ज

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल सेंट्रल जेल का फरार कैदी नदीम खान उर्फ फायर ब्रिगेड शनिवार रात 9.25 बजे पकड़ा गया। वह दोपहर 12.20 बजे उस वक्त हमीदिया अस्पताल से भाग निकला था, जब उसे इलाज के लिए लाया गया था। जेल प्रहरी दिनेश दांगी, विनय बघेल, अजय पाठक और राम मनोहर भारद्वाज ने कैदी को विदिशा रोड भानपुर ढाबे के पास से पकड़ा है। इस दौरान गिरने से उसे पैर में फैक्चर भी हो गया है। दरअसल, नदीम खान ने रात भर हाथ में दर्द की शिकायत की थी। उसने बताया था कि उसे हाथ का ऑपरेशन हुआ था। जिसमें रॉड लगाई गई थी। इसके बाद डॉक्टर ने उसका एक्स-रे कराने की सलाह दी थी। दोपहर 12 बजे जेल प्रहरी दीपेश इंगले के साथ हमीदिया अस्पताल भेजा गया। यहां एक्स-रे कराया जा रहा था। तभी वह भाग निकला। उसके खिलाफ 16 केस दर्ज हैं।

इधर, जेल अधीक्षक राकेश भांगरे ने बताया कि नदीम खान को हत्या के प्रयास के मामले में 7 साल की सजा हुई है। इस मामले में वह जेल काट रहा था।

लूट, अड़ीबाजी, मारपीट के केस

नदीम जहांगीराबाद थाने का निगरानी बदमाश है। बोगदा पुल फायर स्टेशन के करीब का रहने वाला है। उसके खिलाफ लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, अड़ीबाजी और मारपीट जैसे मामले दर्ज हैं। पुरानी रंजिश के चलते उसने अपने साथी दानिश जफर के साथ मिलकर तलैया थाने के निगरानी बदमाश हमजा बम पर जानलेवा हमला किया था। इसी मामले में 27 अक्टूबर 2023 को उसे भोपाल न्यायालय से 7 साल की सजा सुनाई गई थी।

अटैचमेंट पर है जेल प्रहरी

जेल प्रहरी दीपेश इंगले होशंगाबाद संभाग की जेल बरेली में पदस्थ है। कैदियों के उपचार के लिए फिलहाल भोपाल जेल में अटैचमेंट पर है। दीपेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के लिए होशंगाबाद जेल अधीक्षक को मेल कर दिया है। जल्द उसके खिलाफ कार्रवाई हो जाएगी।

कैदी नदीम को एक्स-रे के लिए हमीदिया अस्पातल की पुरानी बिल्डिंग में लाया गया था। पुलिस ने उसके भागने के बाद सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। तब पता लगा की इस इमारत में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे बंद हैं।

ऐसे भागा कैदी

बताया जा रहा है कि हमीदिया अस्पताल के एक्स रे डिपार्टमेंट में रील खत्म हो चुकी हैं। मरीजों को एक्स-रे के बाद स्क्रीन से फोटो खींचने को कहा जा रहा है। जैसे ही नदीम का एक्स-रे हुआ, साथ में मौजूद आरक्षक से गया कि स्क्रीन से एक्स-रे का फोटो खींच लें, और डॉक्टर को दिखा दें। जिससे आगे का उपचार किया जा सकेगा। आरक्षक फोटो खींचने लगा, तभी कैदी चकमा देकर फरार हो गया।

रेपिस्ट को दस साल कारावास: 4 साल पुराने मामले में पांढुर्ना के अपर सत्र न्यायालय ने सुनाई दुष्कर्मी को सजा

छिंदवाड़ा/नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाले रेपिस्ट को न्यायालय ने सजा सुनाई है, अपहरण कर आरोपी ने पीड़िता को नागपुर ले जाकर बलात्कार किया था जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण को सुनवाई के लिए पांढुर्णा के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में प्रस्तुत किया था, दोष सिद्ध पाए जाने पर न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई। जानकारी में अपर लोक अभियोजक प्रकाश बावने ने बताया कि गत 19 जून 2019 को रात आठ बजे सौंसर के हिवरा खडेवार निवासी नितेश पिता पिलाजी उईके ने रात आठ बजे ग्राम भाजीपानी में पीड़िता को मिलने बुलाया और उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ अपने गांव अंबाड़ी मोटर साइकिल से ले गया। यहां आरोपी नितेश ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया और फिर अपने साथ नागपुर ले जाकर किराए के घर में रखा और यहां भी उसके साथ बलात्कार करता रहा। बाद में पीड़िता के पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई और जब पीड़िता मिली तो ये कहानी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने अपहरण, बलात्कार का मामला दर्ज कर प्रकरण को सुनवाई के लिए पांढुर्णा के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में

भ्रष्टाचारी उपयंत्री को 4 साल की सजा

जनपद पंचायत बिछुआ के आंगनवाड़ी भवन के मूल्यांकन के एवज में मांगी थी रिश्वत, न्यायालय ने सुनाई सजा

छिंदवाड़ा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बिछुआ के एक भ्रष्टाचारी उप यंत्री को न्यायालय ने 4 साल की सजा से दंडित किया है। जानकारी के मुताबिक पूरा मामला साल 2018 का है जहां प्रार्थी सुकराम नौरे ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जिसमे उसने बताया था कि उसकी पत्नि श्रीमति रज्जोबाई नोरे ग्राम पंचायत की सरपंच है। ग्राम पंचायत के तहत तीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो प्रार्थी की पत्ड़नी का स्वास्थ ठीक न रहने से प्रार्थी द्वारा पंचायत के समस्त कार्य देखे जाते है। जो आगनबाड़ी भवन आग्रापुर, डूडासिवनी एवं बड़कुई में बन रहे है उन भवनों का कार्य भी प्रार्थी के देखरेख में कराया जा रहा था उक्त आंगनबाडियों का स्लैप स्तर तक का कार्य पूर्ण हो चुका है उक्त कार्य का मूल्यांकन जनपद पंचायत बिछुआ में पदस्थ उपयंत्री दिनेश जौहरे के द्वारा किया जाना था।

आंगनवाडियों के मूल्यांकन कराने के कार्य से जब प्रार्थी उपयंत्री जौहरे से मिला तो उनके द्वारा प्रार्थी से तीनों आगनवाडियों का मूल्यांकन करने के एवज में 45,000/- रु रिश्वत की मांग कर रहे थे।

प्रार्थी के आवेदन पत्र पर रिश्वत संबंधी वार्ता टेप करके लाने हेतु वाईस रिकार्डर दिया गया। 10 मई 2018 को उपयंत्री श्जौहरे से छिन्दवाडा जेल बगीचा ग्राउंड में दिन के करीब 1:30 बजे मुलाकात में मोलभाव कर उपयंत्री श्री जौहरे 30,000 रिश्वत लेने के लिये राजी हो गया। प्रार्थी द्वारा समस्त रिश्वत संबंधी वार्ता रिकार्ड करली गई रिकार्डर, तथा डीव्हीआर जुबैद के हस्ते कार्यालय जबलपुर पहुंचा दिया था ।

प्रार्थी द्वारा समस्त रिश्वत संबंधी वार्ता रिकार्डर में दर्ज वार्तालाप में रिश्वत की मांग संबंधी तथ्यों की पुष्टि होने पर ट्रांसस्क्रिप्ट तैयार की गई एवं 15 मई 2018 को आरोपी दिनेश जौहरे को 30,000/- रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों ई एल सी चौक छिंदवाड़ा में पकड़ा गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड-नं-3, पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित मो.नं. 9406245514, 9425237314 (न्याय क्षेत्र भोपाल) www.navpradeshbhopal@gmail.com